रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# अलग पहचान
सत्य की उड़ान
रांची, शुक्रवार 21 जून 2024, वर्ष 10, अंक 167, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया
alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

# मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक




**रांची।** किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें , क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी । मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में ये बातें कही। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

**किसानों के एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपए तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हज़ार रुपए तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखती है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

**राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए , ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स -पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद- और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स -पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

किसानों और कृषक संगठन तथा समूह से संवाद करें मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में ये योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बनाकर कम करें ।

## 21 जून को दिखेगा स्ट्रॉबेरी Moon, दुर्लभ दृश्य को खुली आँखों से भी देख पाएंगे लोग



20 से 22 जून तक ऐसा चंद्रमा निकलने वाला है, जिसे स्ट्रॉबेरी मून (Strawberry Moon) कहते हैं. लेकिन इसका बेहतरीन नजारा 21 जून को देखने को मिलेगा. यह समर सोल्सटिस (Summer Solstice) से एक दिन बाद निकलेगा.

यह इस बार सैगिटेरियस नक्षत्र (Sagittarius Constellation) में चमकता नजर आएगा. इस चंद्रमा के और भी कई नाम हैं. लेकिन इसे आमतौर पर स्ट्रॉबेरी मून कहते हैं.

उत्तरी अमेरिका के Algonquin आदिवासियों ने इसका नाम स्ट्रॉबेरी मून रखा था. क्योंकि इसी समय उत्तरी अमेरिका में स्ट्रॉबेरी फल काटने का वक्त होता है.

American Museum of Natural History की एस्ट्रोफिजिसिस्ट जैकी फैहर्टी ने बताया कि नाम के आधार पर लोग चांद का रंग समझने की कोशिश करते हैं लेकिन ये Strawberry के रंग का या लाल या गुलाबी एकदम नहीं दिखेगा. ये अपनी पीली रोशनी के साथ दिखाई देगा.

**अलग-अलग रंगों में क्यों दिखता है चांद?** जैकी कहते हैं कि यह स्वर्णिम यानी सोने के रंग जैसा पीला दिखेगा। हल्का लाल रंग का असर होगा। यह निर्भर करता है कि उस समय आपके ऊपर के वायुमंडल में किस तरह के रसायनों का प्रभाव ज्यादा है। असल में ग्रे रंग का चांद सूरज की रोशनी और वायुमंडल में मौजूद गैसों और रसायनों की वजह से अलग रंगों में दिखता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने जन्मदिन पर पहुंचीं भगवान जगन्नाथ मंदिर, देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह अपने जन्मदिन पर सबसे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं। 20 जून 1958 को जन्मी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। राष्ट्रपति भवन ने इस अवसर का फोटो और संक्षिप्त विवरण एक्स हैंडल पर साझा किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स हैंडल पर लिखा," जय जगन्नाथ'' दिल्ली में स्थित जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किए तथा प्रार्थना की कि सभी देशवासियों का कल्याण हो तथा हमारा देश प्रगति के नए प्रतिमान स्थापित करता रहे।" उल्लेखनीय है कि प्रतिभा पाटिल के बाद द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी महिला और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं।

भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होंने पुनर्निर्मित प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस सेंटर का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की।

सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि दिव्यांगजन अपने कौशल और प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों और के.एस. राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे सभी लोग इस बात के उदाहरण हैं कि समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक सीमाओं को पार कर सकता है।

राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति संस्थान पिछले कई दशकों से विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# जिन महिलाओं को पेंशन नहीं, उनके लिए शुरू होगी मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन योजना

**ब्यूरो, रांची।**




झारखंड में जिन महिलाओं को पेंशन नहीं मिलती है, उनके आर्थिक स्वावलंबन के लिए 'मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन योजना' शुरू होगी। इस योजना का लाभ 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को मिलेगा। साथ ही इसका लाभ सभी श्रेणी की महिलाओं को मिलेगा।मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गुरुवार को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान इस योजना को शुरू करने के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड प्रदेश की महिलाओं की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 'मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना' का लाभ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी वर्ग समुदाय के पात्र महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो, इसे लेकर युद्ध स्तर पर काम किया जाए।

'सूचना तकनीक विभाग का पूरा सहयोग लें' इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से संबंधित सभी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। इसमें सूचना तकनीक विभाग का पूरा सहयोग लें।

## प्रधानमंत्री से मिले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन का किया अनुरोध



**नई दिल्ली । भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमि पूजन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।




**दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली कोर्ट से जमानत।शराब घोटाले में मिली जमानत।**

## जहरीली शराब पीने से अबतक 30 लोगों की मौत

तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने की वजह से 30 लोगों की जान चली गई. इसके अलावा करीब 100 लोगों की तबीयत जहरीली शराब पीने की वजह से बिगड़ गई है. जहरीली शराब पीने के बाद जो लोग बीमार हुए उन्हें तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जिनमें से कुछ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## सरकारी बाबू अर्जुन राम अरेस्ट

**लातेहार।** सरकारी बाबू अर्जुन राम को ACB की टीम ने अरेस्ट किया है। बालूमाथ के सेरेगड़ा पंचायत में बतौर पंचायत सेवक पोस्टेड है। उसे पलामू ACB की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।सड़क निर्माण कार्य में भुगतान के करने के एवज में पंचायत सेवक अर्जुन राम लाभुक से पांच हजार रुपए रिश्वत ले रहा था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कर दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कर दी है। ओडिशा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा सत्र के मद्देनजर इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि महताब सात बार के सांसद हैं और अगले स्थायी स्पीकर की नियुक्ति तक वे सदन में स्पीकर की सभी जिम्मेदारियां निभाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत भाजपा सांसद को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।

## मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में संवाददाताओं को बताया कि एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 9 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है।शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी। 19 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से इस परीक्षा को लेकर कुछ जानकारियां मिलीं हैं। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि उक्त परीक्षा की सत्यता से संभवतः समझौता हुआ है।

**योग** | **5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मी से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया गया था।**

# मोदी आज शाम श्रीनगर जाएंगे:2013 के बाद से जम्मू-कश्मीर का 25वां दौरा

**श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 2 दिन के जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंच रहे हैं। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा होगी। वहीं, 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा होगी। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने तैयारियां कर रहा है। ऐसे में PM मोदी का यहां जाना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है। PM 20 जून को शाम करीब 6 बजे श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में 'एम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जम्मू-कश्मीर' इवेंट में शामिल होंगे। साथ ही 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे। 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत SKICC के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है। 10 साल पहले 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। 2024 के लिए योग दिवस की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है।



**PM के दौरे से पहले श्रीनगर रेड जोन घोषित** पीएम ने 9 जून शपथ ली थी तब से कश्मीर में 4 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए श्रीनगर में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। श्रीनगर में रेड जोन घोषित किया गया। पुलिस के मुताबिक ड्रोन रूल्स, 2021 के नियम 24(2) के तहत श्रीनगर को तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के लिए टेम्परेरी रेड जोन घोषित किया गया है। इस जोन में ड्रोन उड़ाने पर केस दर्ज हो सकता है।

**1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास** प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर सड़क, जलापूर्ति, हायर एजुकेशन से जुड़े प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य यहां के युवाओं को रोजगार देना है।

# ऑपरेशन "नन्हे फरिश्ते" के तहत आरपीएफ हटिया ने नाबालिग लड़की को बचाया



**रांची।** 19.06.2024 को एक व्यक्ति ने आरपीएफ हटिया में उपस्थित होकर खुलासा किया कि उसकी बेटी, जिसका नाम थियाना मारिया, उम्र लगभग 16 वर्ष, दिनांक 16.06.2020 को बैंगलोर (कर्नाटक) स्थित स्कूल से लापता है और यह भी बताया कि उसकी मां गायत्री द्वारा पुलिकेशी नगर पुलिस स्टेशन, बैंगलोर (कर्नाटक) में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस संबंध में पुलिकेशी नगर पुलिस ने क्रमांक 194/2024 दिनांक 18.06.2024 के तहत आईपीसी की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पुलिकेशी नगर पुलिस ने उसके मोबाइल का पता लगाया और पता चला कि गाड़ी संख्या 12836 एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। तत्काल मामले की जानकारी आरपीएफ बानो को दी गई। उक्त नाबालिग लड़की का पता लगाने के लिए ट्रेन मे तलाशी के दौरान आरपीएफ पोस्ट बानो के स्टाफ ने बताया कि वो एस-3 के स्लीपर कोच में बैठी है। हटिया में उक्त ट्रेन के पहुंचने के बाद, आरपीएफ हटिया साथ मे नन्हे फरिश्ते और मेरी सहेली टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन को अटेंड किया और उक्त नाबालिग लड़की को बचाया। पूछने पर उसने अपना नाम थियाना मारिया उम्र लगभग 16 वर्ष, पुत्री अरोकिया राज, निवासी 14/1, 4थी क्रॉस हचिन्स रोड, कुक टाउन, पीएस फ्रोज़र टाउन, जिला बैंगलोर (कर्नाटक) और यह भी खुलासा किया कि वह अपने परिवार के सदस्यों को बताए बिना इंस्टाग्राम के दोस्त सोनू अंसारी, उम्र लगभग 16 वर्ष, पुत्र दिलदार हुसैन, गांव-पडारिया, पोस्ट-पडारिया, हजारीबाग से मिलने के लिए स्कूल से भाग गई थी।

# डिस्ट्रिक को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटि (DCDC) की बैठक

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक
नवगठित सहकारी समितियों का नियमित रूप से डेटाबेस अद्यतन करने का निदेश
आगामी खरीफ मौसम को देखते हुए जिला के कृषकों को ससमय उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने का निदेश
बड़े तालाबों के लिए भी मत्स्यजीवी सहयोग समिति का गठन करने की कार्यवाही करें-उपायुक्त

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 20 जून 2024 को संपन्न सहकारी समितियों के सशक्तिकरण हेतु गठित डिस्ट्रिक को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटि (DCDC) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एजेंडावार जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

नैशलन को-ऑपरेटिव डेटाबेस अपडेशन की समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, राँची द्वारा बताया गया कि जिला में निबंधित सभी 306 लैम्पस एवं 1893 विशेष प्रकार की सहकारी समितियों का अद्यतन डाटा अपलोड किया जा चुका है, जिसमें से सभी 306 लैम्पस एवं 374 विशेष प्रकार की सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा नवगठित सहकारी समितियाँ का नियमित रूप से डेटाबेस अद्यतन करने का निदेश दिया गया।





## योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विधायक श्री प्रदीप यादव ने सीएम से मुलाकात की



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री-सह-राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विधायक श्री प्रदीप यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से इन्होंने झारखंड सरकार द्वारा 19 जून 2024 को आयोजित हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के भीतर जाति आधारित जनगणना कराए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को बधाई दी तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## चोरेया स्थित देवेंद्र नाथ सिंह स्कूल में प्रबंधन समिति की बैठक की



**चान्हो** : चोरेया स्थित देवेंद्र नाथ सिंह स्कूल मे प्रबंधन समिति की बैठक की। : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।*

चान्हो प्रखंड के चोरेया पंचायत स्थित देवेंद्र नाथ सिंह उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अध्यक्षता में की गई।

बैठक मे स्कूली शिक्षा को और बेहतर करने, स्कूल मे बच्चों को शिक्षा के अलावा आने वाली अन्य और कमियों को दूर करने, स्कूल का रंग-रोगन एवं सुंदरीकरण के विषय मे चर्चा किया गया।

बैठक के पश्चात विधायक ने इस साल स्कूल से मैट्रिक में अव्वल आये छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन सम्मान राशि का भी वितरण किया।

मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित रहे।

## तलाशी लेने पर डिक्की से 100 ml प्रतिबंधित Onerex Syrup का कुल 10 Bottle पाया गया



गुप्त सूचना के आधार बरियातु थाना अंतर्गत चांडिल मैदान बारियातु के पास राँची पुलिस द्वारा की गयी वाहन चेकिंग एवं छापामारी में मोटरसाईकिल की तलाशी लेने पर डिक्की से 100 ml प्रतिबंधित Onerex Syrup का कुल 10 Bottle पाया गया।

## राजद के क्रीड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा





राजद के क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल के क्रीड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, चंदन कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद से मैं स्वतः पूर्वक त्याग पत्र दे रहा हु,उन्होंने अपनी निजी कार्यो में व्यस्त होने के कारण राजद के सभी पदो से इस्तीफा देने की बात कही है।

## समर्पण एक नेक पहल टीम बोकारो के द्वारा एक साथ 4 यूनिट रक्त दान कर मरीज को सहायता प्रदान की गई



बोकारो जनरल हॉस्पिटल में ईलाजरत 35 वर्षीय मरीज मीरा कुमारी के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी जिसके वजह से डॉक्टर ने मरीज के लिए तत्काल 4 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, मरीज के परिजन 4 यूनिट रक्त की बात सुनकर बहुत घबरा गए उन्होंने कहा कि इतनी जल्दी चार यूनिट रक्त का इंतजाम कहा से होगा फिर किसी ने उन्हें सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के बारे में बताया और संपर्क करने को कहा इसके बाद मरीज के परिजन बिना समय गंवाए संस्था के बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद चौहान से संपर्क कर उनसे 4 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की सहायता मांगी 1

इसके पश्चात संस्था के बोकारो जिलाध्यक्ष बिनोद चौहान ने संस्था के चार रक्त वीर एवं सक्रिय सदस्य राहुल कुमार, दिनेश अजय, सुनीता अजय, सागर कुमार को लेकर स्वयं बोकारो जनरल हॉस्पिटल ब्लड बैंक पहुंचें और एक ही बार में 4 यूनिट रक्त दान कर मरीज मीरा कुमारी के लिए रक्त उपलब्ध कराया 1

रक्त प्राप्त होने के बाद मरीज के परिजन ने कहा कि हम सभी रक्त को लेकर बहुत चिंतित थे कि कैसे एक साथ रक्त की व्यवस्था हो पाएगी परंतु संस्था ने एक ही बार में हमारी सारी चिंता को दूर कर दिया इसके लिए संस्था के जिला अध्यक्ष बिनोद चौहान ज़ी एवं सभी रक्त वीरों को कोटि कोटि धन्यवाद 1

## फाइलेरिया उन्मूलन हेतु ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टीएएस) को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 20 जून 2024 को वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टीएएस) को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। सर्वप्रथम बैठक में पीपीटी के माध्यम से उपायुक्त महोदय को टीएएस संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि रांची जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनगड़ा, बेड़ो, बुढमू एवं तमाड़ में दिनांक 20.06.2024 से 15.7.2024 तक सर्वे निर्धारित है। इसमें चयनित स्कूलों के कक्षा एक एवं दो के सभी विद्यार्थियों की फाइलेरिया जांच की जायेगी। जिले में कुल 265 स्कूलों के 5808 विद्यार्थी जांच हेतु चयनित है। साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति हेतु बैठक एवं अभिभावकों की सहमति प्राप्त की जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला स्तर से सिविल सर्जन, वीवीडी पदाधिकारी, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, एसीएमओ द्वारा प्रतिदिन संध्याकालीन बैठक भी किया जाना है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा योजना अनुरुप कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा न छूटे और जांच के बाद जल्द रिपोर्ट भेजें। उन्होंने संबंधित एमओआईसी को पूरी गंभीरता से कार्य निष्पादित करने को कहा।

बैठक में सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, आरसीएचओ, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला वीवीडी सलाहकार, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पिरामल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जबरन ओबी डंप के विरुद्ध सुरंगा ग्रामीणों ने निकाला विशाल मशाल जुलूस



**तीसरा** :आज दिनांक 19.06.2024 दिन बुधवार को BCCL प्रबंधन तथा दे प्रभा संचालक कुंभनाथ सिंह, एल बी सिंह के मनमानी को देखते हुए जबरन रैयतों के जमीन पर ओबी डंप करने तथा दिनदहाड़े बमबाजी गोली, फायरिंग करवाने और कुभनाथ सिंह को कि गिरफ़्तरी कि मांग को लेकर आज सुरुंगा शिव मंदिर ग्राउंड से कुम्हार टोला, रविदास टोला, महतो टोला, रजक टोला, देव टोला, बाउरी टोला, बोद्रो टोला ऑफिस धोवड्रा, पहाड़ीगोड़ा, होते हुए पूरे गांव के लोग आक्रोशित होकर एक विशाल मशाल जुलूस निकाला । इस जुलूस का नेतृत्व करता पांडव रजक विरोध रजक, पशुपतिनाथ देव बिशाल देव, कारू देव, मिथुन बाउरी संजय कुंभकार, अजय रजक, मनोहर रजक, अजित परमाणिक, मुकेश पर माणिक, मंटू कुंभकार, संजय रजक, दिलीप रजक, आलोचना देवी, शकुंतला देवी, कल्पना देवी, उमा देवी तथा अन्य सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर इस जुलूस को सफल बनाया।

## राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक





राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक
उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक
उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लंबित दाखिल- ख़ारिज के मामलों में असंतोष व्यक्त करते हुए सभी सम्बंधित अंचल अधिकारी को जल्द से जल्द सम्बंधित मामलों का निष्पादन कराने का निर्देश
भूमि सीमांकन, लंबित दाखिल ख़ारिज, लंबित प्रमाण पत्र के मामले,भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों को भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा
विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों में लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने के दिए निर्देश

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक-20 जून 2024 को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में, अपर समाहर्ता रांची, राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, मोहन लाल मरांडी, एल.आर.डी.सी. रांची, मुकेश कुमार, एल.आर.डी.सी. बुंडू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सुनील चंद्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची, श्री राजीव कुमार एवं रांची जिला के सभी अंचल के अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जबरन ओबी डंप के विरुद्ध सुरंगा ग्रामीणों ने निकाला विशाल मशाल जुलूस



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव रायबरेली के सांसद जननेता और भारत के लोकप्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन के सुभ अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ वचन लिए की संविधान बचाने का जो जयघोष राहुल गांधी जी ने किया है उसे हमलोग अपने क्षेत्रों मे जिम्मेदारी के साथ जारी रखेंगे साथ ही केक काट कर युवा साथी हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। * कार्यक्रम के नेतृत्व सिंदरी विधानसभा युवा काँग्रेस अध्यक्ष टिंकू अंसारी ने किया उसके बाद गोबिन्दपुर प्रखंड के कुछ स्थानीय समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल गोबिन्दपुर के अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह जी से मिलकर अभिलंब निराकरण करने को कहा गया अन्यथा युवा कांग्रेस अंचल कार्यालय का घेराव करने में बाध्य होंगे मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद युवा कांग्रेस के ज़िला महासचिव गुलाम मुंतका जी एवं अनवर अंसारी जी रहे

## निरसा अग्रसेन भवन में संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से लगाया जा रहा रक्तदान शिविर



ब्लड बैंको में इस वर्ष की भीषण गर्मी के चलते ब्लड डोनेशन कैंप कम लगने के कारण ब्लड बैंको में रक्त की उपलब्धता काफी कम, नहीं के बराबर हो रखा है ,कोई भी समुह के रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण बहुत से मरीज़ जैसे थेलेसिमिया ,अप्लास्टिक एनीमिया, डिलीवरी पेशेंट, एक्सीडेंट पेशेंट तथा अन्न मरीजों को समय पर ब्लड बैंको से रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके चलते काफी मरीजों को परेशानी हो रही है ,इस रक्त की कमी को कुछ हद तक कम करने की मुहीम में समाज के समाजसेवी संस्था समर्पण एक नेक पहल (NGO),राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत,मारवाड़ी युवा मोर्चा (निरसा शाखा )तथा भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने आगे बढ़कर एक महा रक्तदान शिबिर लगाने का निर्णय 21/06/2024 को सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक निरसा अग्रसेन भवन में लिए है ,इस रक्तदान शिविर के साथ एक निशुल्क चिकित्स्या जाँच शिविर का आयोजन अमन सिंह निर्देशक कुमारधुबी हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया जा रहा है, संस्थाओं के द्वारा सभी निरसा -चिरकुंडा के रक्तदाताओं से 21/06/2024 को निरसा अग्रसेन भवन में आकर रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करने की एपिल किए ओर रक्तदाताओं को रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य करने का अनुरोध किया गया 1

## संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने गोलकडीह वर्कशॉप के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन



**तिसरा।** बस्ताकोला क्षेत्र अंतर्गत केओसीपी विभागीय परियोजना को बचाने के लिए बुधवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने गोलकडीह वर्कशॉप के मुख्य द्वार पर प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया ! सात सूत्री मांग पत्र सौपा गया ! प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए ! प्रदर्शनकरियो को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि केओसीपी प्रबंधन विभागीय परियोजना को बंद करना चाह रही है ! अगर परियोजना बंद हो गई तो एक हजार से अधिक मजदूरो पर छटनी की तलवार लटक जाएगी ! क्योंकि पूरे बस्ता कोला क्षेत्र में केओसीपी मे ही विभागीय परियोजना बचा हुआ है ! परियोजना को बचाने के लिए संयुक्त मोर्चा के नेताओं के साथ क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर कई बार वार्ता हुई थी जिसमें कहा गया था कि केओसीपी विभाग के परियोजना के बगल में वन विभाग की जमीन है ! अगर प्रबंधन वन विभाग से जंगल की जमीन क्लीयरेंस करा लेती है तो इस क्षेत्र में कोयले का भंडार है ! लेकिन चार-पांच साल से प्रक्रिया चल रही है लेकिन अभी तक जमीन क्लीयरेंस नहीं हो पाया है ! इससे साफ झलकता है कि प्रबंधन की मंशा ठीक नहीं है !

## पति की मौत के बाद जॉइनिंग नहीं देने पर भूख हड़ताल पर बैठी पत्नी



तिसरा। पति की मौत के बाद बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं देने पर बुधवार को पत्नी पिंकी बर्मा गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गई है ! उनका कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा ! उनके इस निर्णय से पूरे गोलकडी में दिनभर चर्चा होती रही ! हालांकि प्रबंधन के तरफ से कोई भी सुध लेने नहीं पहुंचा था ! पिंकी देवी के समर्थन में बीसीकेयू उतर आया है और कहा है कि उनकी हर लड़ाई में साथ खड़ा रहेंगे !

क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे पिंकी वर्मा ने कहीं की मेरे पति जितेंद्र कुमार सोनी के ओसीपी में एसबीए के पद पर कार्यरत थे ! 26 मई 2023 को पथरडीह स्थित अपने आवास से केओ सीपी ड्यूटी जाने के दौरान सड़क दुर्घटना हो गई थी !जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए थे ! केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया था जहां उनकी मौत 26 तारीख को हो गई थी ! 27 मई को कोसीपी कार्यालय में प्रबंधन के साथ संयुक्त मोर्चा के नेताओं की वार्ता हुई जिसमें यह सरस्वती से निर्णय लिया गया कि जितेंद्र कुमार सोनी के स्थान पर उनकी विधवा पत्नी पिंकी वर्मा को प्रोविजनल नियोजन उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज (पत्नी होने का प्रमाण पत्र) उपलब्ध करवाने के उपरांत दिया जाएगा क्योंकि स्वर्गीय सोनी का सेवा अभिलेख में उनकी पत्नी का नाम दर्ज नहीं है ! प्रोविजनल नियोजन की तिथि उनकी पत्नी के द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के जांचोंपरांत के बाद यदि अनुकूल होता है तो इस तारीख से मान्य होगा ! अब सभी कागजात उपलब्ध कराने के बावजूद प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं दिया जा रहा है ! इसके विरोध में भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया ! जिसकी सूचना बस्ताकोला महाप्रबंधक के ओ सी पी प्रबंधन एक जून 2024 को ही अवगत करा दिया गया था !वावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई !

इधर पिंकी वर्मा के पक्ष में बिसीकेयू के तुलसी रवानी, देव रंजन दास, राजेंद्र पासवान और जनता मजदूर संघ के दिनेश सिंह और सीमेवा के भगवान प्रसाद नोनिया भी समर्थन में उतर आए हैं ! कहा है कि महिला को न्याय मिलना चाहिए ! जब पत्नी को नियोजन देने का समझौता हो गया था तो फिर प्रबंधन क्यों मुकर रही है !

## कंपनी को पांच करोड़ का नुकसान



तिसरा । बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना में पिछले दिन हुई हैवी ब्लास्टिंग में उड़े पत्थरों के मोहरीबांध मुहल्ला में जाने के बाद ग्रामीणों एवं आउटसोर्सिंग समर्थकों के बीच हुए बवाल कि घटना के तीसरे दिन बुधवार को भी परियोजना में खनन कार्य नहीं हुई जिससे कंपनी को लगभग पांच करोड़ का नुकशान का सामना करना पड़ा है। यूं तो लोदना क्षेत्र में हैवी ब्लास्टिंग से आसपास के मुहल्लों में पत्थरों के जाने ,आवासों में कंपन से दरार पड़ने कि घटना आए दिन घट रही है लेकिन ग्रामीणों कि शुद्धि किसी ने नहीं लिया है। विधानसभा चुनाव के नजदीक होने के चलते घटनास्थल मोहरीबांध राजनीति का अखाड़ा बन गया जहां नेताओं का रोजाना आना जाना लगा हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रबंधन कि लापरवाही से लगातार हो रही हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने को ठोस पहल नहीं किए जाने से लोदना क्षेत्र के सभी आउटसोर्सिंग परियोजनाओं में आए दिन हैवी ब्लास्टिंग कि घटना हो रही है। मोहरीबांध कि घटना ने सभी दलों के नेताओं का आंख खोल दिया है। सांसद ढुलू महतो विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह कि गंभीरता से बीसीसीएल सहित पुलिस प्रशासन का होश पाख्ता है। मामले में अभी तक दो आरोपितों को जेल भेजा गया है इसके बाद भी क्षेत्र में तनाव बरकरार है।

## जबरन ओबी डंप के विरुद्ध सुरंगा ग्रामीणों ने निकाला विशाल मशाल जुलूस

आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन धनबाद मीडिया प्रभारी मयंक सिंह ने बताया कि १०वी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान को धनबाद के विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों ने योग, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास के लिए निमंत्रण दिया है।

आज मंडल कारा धनबाद मे डाक्टर राम नारायण और संदीप कौशल ने 60 कारावास बंदियों को योगाभ्यास करवाया वहीं कल ४०० लोगो को करवाने कि व्यवस्था की गई है। वही प्रशिक्षिका सोनी कुमारी ने सिटी लाइव मीडिया हाउस के सभी मीडियाकर्मी व चंचनी कालानी स्थित नई दिशा वूमेन ऑर्गेनाइजेशन में वॉलंटियर जूही महतो के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकाल को कराया।

निवेदन पूर्वक कहना है कि मैं विजय कुमार रजक उम्र 56 वर्ष पिता बैद्यनाथ प्रसाद ग्राम जीतपुर गोमो थाना गोमो जिला धनबाद वर्तमान में बी आई टी सिंदरी में मकान संख्या आर्टिजन 1/5, थाना गौशाला ओ पी जिला धनबाद का रहने वाला हूं दिनांक 18/6/24 को करीब 3:00 बजे के आसपास अपने दोस्तों के साथ दामोदर नदी में नहाने गया था नहाने के क्रम में मेरे बेटे जयराज उम्र करीब 17 साल पिता विजय कुमार रजक ग्राम बिट सिंदरी मकान संख्या आर्टिजन 1/5 जिला धनबाद डूब गया। दिनांक 19 /6 /2024 को सुबह स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मेरे बेटे का शव को निकाला गया। इसमें किसी का कोई शिकायत एवं दोष नहीं है।

# मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार







**धनबाद**। जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही उपायुक्त, सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान हेतु लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए एवं बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन मे कभी भी किसी प्रकार के नशे दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है, सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दे क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं ओर कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग, जनसम्पर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है।

सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें साथ साथ अपने आस पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें। ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चों को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाए। यदि कोई बच्चे आपको नशे के शिकार में दिखते हैं तो अवश्य हमे सूचना दे ताकि उन्हें इन चीजों से दूर रखा जाए। समाज के प्रति अपनी ज़िमेदारी अवश्य सुनिश्चित करें।

## आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा की प्रायोगिक प्रशिक्षण दी गई



**बोकारो** : चास नगर निगम स्थित भगवती कॉलोनी चास स्थित फर्स्ट एड प्रशिक्षण संस्थान में फायर सेफ्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी सह सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन डॉक्टर एस पी वर्मा एवं चास फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने किया। कार्यक्रम में आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा कैसे की जाए इसकी प्रायोगिक प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में ओ एन जी सी के तहत संविदा पर कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा खनन अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन तथा रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ एस पी वर्मा ने आग लगी घटना में होने वाले घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने के गुरु उपायों को बताया।

फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने विभिन्न प्रकार की आग लगी घटनाओं को प्रदर्शित कर एवं आग बुझाकर दिखाए एवं सिविल डिफेंस बोकारो के डिप्टी डिवीजनल वार्डन सह रेड क्रॉस के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सदस्य डॉक्टर निशांत कुमार ने आग से बचने के उपाय को विस्तृत रूप से बताया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर पूजा, डॉक्टर पदमा एवं फायर स्टेशन चास के विनोद जी एवं राज झा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन के गगन

## 22 जून को आजसू मनाएगी पार्टी स्थापना दिवस : रामा शंकर



**धनबाद**। खरखरी बाजार स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि राज्य सहित धनबाद जिला के दशों विधानसभा में झारखंड नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली आजसू पार्टी 22 जून को स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। जिस कार्यक्रम में पार्टी के युवा राज्यहित में सेवा करने को लेकर संकल्पित होंगे। जिसके तहत बाघमारा विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता खरखरी बाजार स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में एकत्रित होकर बाघमारा विधानसभा के नवनिर्माण के लिए संकल्प लेंगे। पूर्व से ही आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाते आ रही है। लेकिन इस बार हम अपनी शहीदों के बलिदान को याद करने के साथ-साथ युवाओं को पार्टी के विचारधाराओं से जोड़कर झारखंड से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने का निर्णय लेंगे। हम अपने मूल आधार के तहत मूलवासी , आदिवासी और खतियानी संघर्षो को याद करते हुए राज्य सहित बाघमारा विधानसभा में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेंगे। उसी की तैयारी प्रारंभ की गई है। इस मौके पर आजसू पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, आशीष तिवारी, विकाश सरकार, गौतम गोप, कुंदन रजक, अमरेन्द्र कुमार, शेख बंटी, अनीश सिंह, गोल्डन तिवारी, किशोर कुमार, सहदेव कर्मकार, मिथुन बाऊरी, वीरू सिंह, जितन नापीत, चन्दन सिंह, दीपक मोदक, गुड्डी चौहान, सेमंत गयाली, अजय पासवान, प्रदीप कुमार सिंह, बिट्टू बाऊरी, चन्दन दास इत्यादी शामील थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला योजना समिति, धनबाद के कार्यकारिणी समिति की बैठक



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिला योजना समिति, धनबाद के कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई।

बैठक में के दौरान धनबाद जिलान्तर्गत पीएचईडी-1एवं2 के कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), लघु सिंचाई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी,सहकारिता पदाधिकारी, समेत अन्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त अतिआवश्यक/महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी योजनाओं(Missing Gap) के प्रस्ताव की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि चयनित योजनाओं को जिला योजना समिति की बैठक में पारित करा कर उसका क्रियान्वयन कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसका क्रियान्वयन अति आवश्यक है, ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन करें। इसको लेकर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, जिला योजना पदाधिकारी श्री राज कमकर शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, कृषि पदाधिकारी, गव्य एवं पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चिरकुंडा, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पथ प्रमंडल, पीएचईडी-1एवं2 के कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), लघु सिंचाई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी,सहकारिता पदाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला स्थापना समिति की बैठक में कुल 06 लोगों के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति का निर्णय समिति द्वारा लिया गया।

वहीं अनुकंपा समिति की बैठक में अनुकंपा के आधार पर कुल 28 व्यक्तियों के प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई।

इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा प्राप्त आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की भी जानकारी ली। इस दौरान स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 28 मामलों पर सुनवाई करते हुए, आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई।

अनुकंपा समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 08, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 03, सिविल सर्जन कार्यालय से 03, समाहरणालय से 04, बीआईटी सिंदरी से 03, पीएचईडी से 02, सहयोग समिति से 01, एसएसपी कार्यालय से 02, अग्निशमन कार्यालय से 01, पथ प्रमंडल से 01 प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाल हृदय जांच को लेकर शिविर का आयोजन 24 जून से

सत्य साई संजीवनी अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शिविर का होगा आयोजन

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 24 जून से चास प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में * सत्य साई संजीवनी अस्पताल* के सहयोग से बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में स्कूली बच्चों का तो जांच होगा ही। इस शिविर में आमजन/अभिभावक भी शून्य से 15 वर्ष के बच्चों का हृदय जांच करवा सकते हैं।

उपायुक्त ने आमजनों/अभिभावकों से निर्धारित तिथियों को निर्धारित स्थान पर सुबह 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित शिविर में उपस्थित होकर जांच सुविधा का लाभ उठाने का अपील किया है।

इन स्थानों पर इन तिथियों को लगेगा बाल हृदय जांच शिविर :-

बुनियादी स्कूल, चास । 24,25 जून 2024 - मध्य विद्यालय, चास। 26,27 जून 2024 - प्राथमिक मध्य विद्यालय, भर्रा।27,28 जून 2024 - प्राथमिक स्कूल, गुजरात कॉलनी, चास। 01,02 जुलाई 2024 - बंगला बोर्ड स्कूल, चास। 02,03 जुलाई 2024- मध्य विद्यालय, सोलागडीह। 03 जुलाई 2024- रामरूद्र प्लस टू उच्च विद्यालय, जोधाडीह मोड़। 04 जुलाई 2024- मध्य विद्यालय, हरला। 05 जुलाई 2024- यू. एम.एस. आसनसोल बॉधगोडा साइट,चास। 06 जुलाई 2024

## सत्य साई संजीवनी अस्पताल के सहयोग से शिविर का होगा आयोजन

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 24 जून से चास प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में * सत्य साई संजीवनी अस्पताल* के सहयोग से बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्कूली बच्चों का तो जांच होगा ही। इस शिविर में आमजन/अभिभावक भी शून्य से 15 वर्ष के बच्चों का हृदय जांच करवा सकते हैं। उपायुक्त ने आमजनों/अभिभावकों से निर्धारित तिथियों को निर्धारित स्थान पर सुबह 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित शिविर में उपस्थित होकर जांच सुविधा का लाभ उठाने का अपील किया है। इन स्थानों पर इन तिथियों को लगेगा बाल हृदय जांच शिविर :-

- बुनियादी स्कूल, चास । 24,25 जून 2024
- मध्य विद्यालय, चास। 26,27 जून 2024
- प्राथमिक मध्य विद्यालय, भर्रा।27,28 जून 2024
- प्राथमिक स्कूल, गुजरात कॉलनी, चास। 01,02 जुलाई 2024
- बंगला बोर्ड स्कूल, चास। 02,03 जुलाई 2024
- मध्य विद्यालय, सोलागडीह। 03 जुलाई 2024
- रामरूद्र प्लस टू उच्च विद्यालय, जोधाडीह मोड़। 04 जुलाई 2024
- मध्य विद्यालय, हरला। 05 जुलाई 2024
- यू. एम.एस. आसनसोल बॉधगोडा साइट,चास। 06 जुलाई 2024

## पौराणिक श्री शिवजी मंदिर परिसर से सटे भवन में बार संचालन से पहुंच रही धार्मिक आस्था को ठेस : युवा आजसू



**रांची**ः युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह और वेदांत कौस्तव जी के नेतृत्व में एजी कॉलोनी, कडरू स्थित पौराणिक श्री शिवाजी मंदिर परिसर से सटे भवन में संचालित हो रहे ओना बार एंड रेस्टोरेंट में बार संचालन के खिलाफ आवाज उठाई है। युवा आजसू ने आज आयुक्त, उत्पाद एवम मद्द निषेध विभाग और उपायुक्त, रांची के नामित ज्ञापन सौप अविलंब ओना बार को बंद कराने का आग्रह किया है। युवा आजसू ने संबंधित पदाधिकारियों को सूचित कराया है कि ओना बार और रेस्टोरेंट में मदिरा परोसे जाने की वजह से धार्मिक स्थल का पवित्र वातावरण बाधित हो रहा है और स्थानीय श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।

प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा, "ओना में बार संचालन को लेकर दिए गए लाइसेंस की उच्च स्तरीय जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि लाइसेंस देने की प्रक्रिया में कोई नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ है। जब तक जांच पूरी नहीं होती और उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक तत्काल प्रभाव से बार के संचालन पर रोक लगाई जाए ताकि धार्मिक स्थल की पवित्रता बनी रहे।"

युवा नेता वेदांत कौस्तव ने कहा, "अगर 10 दिनों के भीतर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो युवा आजसू चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा। युवा आजसू ने जिला प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की अपील की है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से गौतम सिंह, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, वेदांत कौस्तव, अभिषेक झा, अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अन्नपूर्णा देवी का भाजपाइयों ने बाजे -गाजे के साथ, फूल- माला पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया



**हजारीबाग**। अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली दफा गुरुवार को रांची से कोडरमा लौटने के क्रम में, केंद्रीय महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भाजपाइयों ने बाजे -गाजे के साथ, फूल- माला पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया।

हजारीबाग पहुंचने पर पुराना बस स्टैंड के पास हजारीबाग जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाजे गाजे के साथ फूल-माल व बुके देकर स्वागत किया ।केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पुराना बस स्टैंड के समीप बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके प केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि आज मैं जो कुछ हूं वह पार्टी कार्यकर्ताओं के वजह व आम लोगों के आशीर्वाद से ही हूं ।अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मैं लगातार प्रयास रत रहूंगी ।आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा ।

## 6 महिनें से लापता होने की सूचना पर जेबीकेएसएस बरवाअड्डा ज़ोंन टीम ने लिया संज्ञान परीजनों ने घर वापसी की लगाई गुहार



**धनबाद**ः धनबाद जिले के टुंडी थाना अंतर्गत राजाभिटा पंचायत के ताराटांड़ निवासी सखीचन्द महतो अपने प्रवासी मजदूर बेटे लालू महतो उम्र लगभग 28 वर्ष के लापता होने की शिक़ायत धनबाद जिले के स्थानीय टुंडी थाना, घटना स्थल पौषक थाना क्षेत्र बरवाअड्डा थाना, धनबाद जिला प्रशासन आदि संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने बेटे के सकुशल घर वापसी के लिए दर दर की ठोकरें खाने के बाद भी अपने बेटे प्रवासी मजदूर लालू महतो का अभी तक चैनई से सकुशल घर वापसी नहीं करवाया जा रहा है। प्रवासी मजदूर लालू महतो के पिता और परिजनों के द्वारा शिकायत किया गया है कि स्थानीय थाना के द्वारा रिश्वत लेकर आरोपियों को बचाया जा रहा है आरोपियों के द्वारा परीजनों को खुले आम चुनौती दिया जा रहा है कि जो करना है कर लो लालू महतो को घर वापसी नहीं करवाया जाएगा प्रवासी मजदूर लालू महतो के परीज़न बहुत ही गरीब किसान परिवार से हैं किसी तरह खेती किसानी दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बेटे को चैनई से घर वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं पीड़ित के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। परीजनों के द्वारा कहा गया है उनके बेटे लालू महतो रंग पेंट पुताई का काम दिहाड़ी मजदूरी के रूप में काम करके किसी तरह घर परिवार चला रहें थें स्थानीय गांव ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा अच्छे वेतन मजदूरी के लोभ लालच देकर चंगुल में फंसा कर धनबाद जिले अंतर्गत बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ खटाल के पास ले गया और वहां से घर भी आने नहीं दिया गया वहीं से ग़ायब करके झारखंड से बाहर दूसरे राज्य चैंनई ले जाया गया। लालू महतो का मोबाइल भी बंद बता रहा है परीजनों के द्वारा स्थानीय थाना टुंडी बरवाअड्डा थाना और धनबाद जिला प्रशासन से अपने बेटे के घर वापसी के लिए लगभग छः महिने से घर वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन कुछ मदद नहीं कर रहें आरोप है कि प्रशासन द्वारा रिश्वत लेकर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बरवाअड्डा ज़ोंन टीम के द्वारा संज्ञान में लेकर लालू महतो के सकुशल घर वापसी के लिए पीड़ित परिजनों से मिलकर परीजनों ढ़ाढ़स बंधाया। टुंडी थाना बरवाअड्डा थाना धनबाद जिला प्रशासन झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष और चैनई के प्रवासी नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों से संपर्क किया।

## नए आपराधिक कानून को लेकर 163 मास्टर ट्रेनर को E-SAKHYA एप का प्रशिक्षण दिया गया





**रांची** : नए आपराधिक कानून को लेकर 163 मास्टर ट्रेनर को E-SAKHYA एप का प्रशिक्षण दिया गया. यह प्रशिक्षण गुरूवार को अनुसंधान ।प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में दिया गया । जिसमें झारखंड पुलिस की पूर्व से चयनित प्रशिक्षण 163 मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया इस कार्यक्रम का संचालन राज्य सूचना विभाग पदाधिकारी एनआईसी झारखंड द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में एडीजी आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण सुमन गुप्ता सहित प्रशिक्षण गृह विभाग द्वारा गठित कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए।

## "आभार यात्रा" निकाला गया



**धनबाद**। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से NDA प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र से NDA का प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत खुशी में कतरास बाजार स्थित स्वस्तिक सिनेमा हॉल से सूर्य मन्दि र कतरास तक देवतुल्य जनता के बीच "आभार यात्रा" निकाला गया। आभार यात्रा व कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी, प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, संतोष महतो, राधेश्याम गोस्वामी, आशीष तिवारी, नवदीप गुप्ता, मिथुन बाऊरी, शेखर सिंह, भरत शर्मा, राकेश सिंह, कुल्लू चौधरी, पप्पू सिंह, प्रदीप सिंह, सोनू गोस्वामी, सिंटु गयाली, गोल्डन तिवारी, दिलीप डांगी, वीरू सिंह कर रहे थे।

**22 जून से शुरू होगी जेपीएससी मुख्य परीक्षाःकल तक एडमिट कार्ड लेने का मौका,**

**रांची** । झारखंड लोकसेवा आयोग सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून से ले रहा है। आयोग की ओर से परीक्षा की डेट शीट भी जारी कर दी है। मुख्य परीक्षा को लेकर आ रही अड़चनों को दूर कर लिया गया है। एडमिड कार्ड डाउनलोड करने में आ रही दिक्कतों के लिए आयोग ने उम्मीदवारों को विकल्प भी दिए हैं। मुख्य परीक्षा 22 जून से शुरू होकर 24 जून तक चलेगी। मुख्य परीक्षा दो शिफ्ट में ली जाएगी। हर शिफ्ट तीन घंटे का होगा। पहला शिफ्ट सुबह 10 बजे से एक बजे और दूसरा शिफ्ट दोपहर दो से शाम पांच बजे तक का होगा। मुख्य परीक्षा के लिए केवल राजधानी रांची में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## योगादिवस के पूर्व संध्या में योग प्रशिक्षण दिया गया



**बोकारो** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या में आज दिनांक 20 जून,2024 को बोकारो जिला के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के नोडल पदाधिकारी डा0 सेलिना टूडू की अध्यक्षता में सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सभी सी0एच0ओ0 को योगासन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी सी0एच0ओ0 को मानसिक स्वास्थ्य एंव तनाव मुक्ति से सम्बन्धित योग के बारे में बताया गया। योग का मतलब जोड़ना है- योग प्रशिक्षक स्वपन कुमार, पूनम कुमारी एवं धरनीधर साहिस के द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है ।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# आरक्षण बढ़ाकर मलाई खा चुके हैं नीतीश कुमार, हाईकोर्ट के फैसले से किसे पहुंचेगी चोट?

**बिहार के सीएम नीतीश कुमार को आरक्षण पर पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने आरक्षण सीमा 75 फीसद करने के बिहार सरकार क फैसले पर रोक लगा दी है। लेकिन अब इसका कोई मतलब नहीं है। इसलिए कि नीतीश कुमार को इसका जितना राजनीतिक लाभ लेना था, वे ले चुके हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के बराबर 12 सीटें जीत कर नीतीश की पार्टी जेडीयू ने आरक्षण सीमा बढ़ाने का लाभ ले लिया है**

**पटनाः**

जातीय जनगणना कराने से केंद्र सरकार ने इनकार किया और राज्यों को इसकी छूट दे दी कि वे अपने स्तर से जाति गणना करा सकते हैं। उसके बाद बिहार में महागठबंधन के साथ सरकार चला रहे नीतीश कुमार ने 500 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर जाति सर्वेक्षण कराया। जाति सर्वेक्षण के लिए नीतीश का तर्क था कि इससे समाज की हर जाति के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इसी क्रम में बिहार सरकार ने सर्वेक्षण में निकली जातियों की आबादी के हिसाब से आरक्षण की सीमा भी संशोधित कर दी। बिहार में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पहले से केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था, जिसे बिहार ने भी लागू कर दिया था। यानी बिहार में पहले से ही सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 60 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था। बाद में जातियों के आंकड़े आ जाने पर नीतीश सरकार ने आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत कर दी थी, जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मानक 50 फीसद से अधिक थी।

**आरक्षण बढ़ाना नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक**

जिस वक्त नीतीश सरकार ने जातीय सर्वेक्षण और आरक्षण सीमा बढ़ाने का पैसला किया, उस वक्त वे आज के इंडिया ब्लॉक में शामिल थे। उनके आरक्षण संबंधी फैसले को राजनीति में मास्टर स्ट्रोक माना गया। नीतीश कुमार के आरक्षण संबंधी फैसले की देश भर में चर्चा हुई। इसी आधार पर नीतीश ने जातीय समीकरण बनाने और उन्हें साधने की कोशिश की थी। हालांकि पटना हाईकोर्ट में नए आरक्षण प्रवाधान के खिलाफ कई याचिकाएं भी दाखिल कर दी गईं। गुरुवार (20 जून 2024) को पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के नए आरक्षण प्रावधान को निरस्त कर दिया।

कांग्रेस भी आबादी के हिसाब से आरक्षण की पक्षधर

जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर आरक्षण देने का नीतीश कुमार का फैसला कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कफी पसंद आया था। उसके बाद वे लगातार कह रहे थे कि केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो राष्ट्रीय पर जातीय जनगणना कराई जाएगी और आबादी के हिसाब से आरक्षण की सीमा संशोधित की जाएगी। यानी जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। दरअसल बिहार ही नहीं, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, झारखंड और कर्नाटक जैसे राज्य आरक्षण का दायरा बढ़ा कर राजनीतिक और सामाजिक समीकरण को साधना चाहते रहे हैं। झारखंड सरकार ने भी आरक्षण सीमा 77% की थी

झारखंड में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का हेमंत सोरेन की सरकार ने भी रास्ता साफ कर दिया था, लेकिन राज्यपाल के हस्तक्षेप से मामला अटक गया। झारखंड सरकार ने 2022 में ही सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण सीमा बिहार से भी एक कदम आगे बढ़ कर 77 प्रतिशत कर दी थी। राज्य सरकार ने बढ़े हुए आरक्षण के दायरे के लाभ के लिए एक शर्त लगा दी थी कि जब तक यह संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं होता, तब तक प्रभावी नहीं माना जाएगा। यानी झारखंड सरकार ने बीच-बचाव का रास्ता निकाल लिया था। संशोधित आरक्षण का प्रस्ताव विधानसभा से पारित तो हो गया, लेकिन नौंवी अनुसूची में शामिल करने का अधिकार केंद्र के पास होने के कारण यह झारखंड में प्रभावी नहीं हो सका था।

**SC ने आधिकतम आरक्षण सीमा 50% तय की है** साल 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के बारे में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था। इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जाति आधारित आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद राज्यों में वोट बैंक के लिए जातीय आधार पर आरक्षण सीमा में बढ़ोतरी की होड़ लग गई थी।



# एक साथ 10 डकैत गिरफ्तार, डकैती की घटनाओं से परेशान थी पुलिस



**सीतामढ़ी में डकैत डकैती की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे थे। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने एक तरह से चुनौती को स्वीकार कर लिया था और इन्हें पकड़ने के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी टीम गठित की थी। टीम को मिली अहम सफलता मिली है। एक साथ 10 डकैत पकड़े गए है।**

**सीतामढ़ीः** बिहार के सीतामढ़ी जिला पुलिस को फिर बड़ी कामयाबी मिली है। यहां की पुलिस ने एक साथ 10 डकैतों को गिरफ्तार की है। दरअसल, डकैत जिले में ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस एक घटना को सुलझाने में लगी रहती थी, तो डकैत दूसरे कांड को अंजाम देकर एक तरह से पुलिस को चुनौती दे रहे थे। हालांकि जिला पुलिस ने चुनौती का सामना करते हुए दस डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। खास बात यह कि इन डकैतों में पिता और पुत्र भी शामिल हैं। मंगलवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डकैतों की गिरफ्तारी और इनके कारनामों का खुलासा किया है। **नए अपराध की बना रहे थे योजना** एसपी मनोज कुमार तिवारी ने डकैतों के गिरोह का पता लगाकर उसके सदस्यों को दबोचने के लिए एसआईटी टीम का गठन किया था। इस विशेष टीम ने पिछले दो माह के अंदर जिले के सात, तो दरभंगा में एक डकैती कांड का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना समेत कुल 10 डकैतों को गिरफ्तार किया है। इनमें पिता और पुत्र भी शामिल हैं। गिरफ्तार सभी डकैत सोमवार की देर रात बाजपट्टी थाना क्षेत्र के संडवारा बांध पुल के पास आम के बगीचे में बैठक कर अपराध की योजना बना रहे थे। **डकैतों का सरगना है निजाम** एसपी तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार डकैतों में गिरोह का सरगना बथनाहा थाना क्षेत्र के भलही गांव निवासी निजाम है। इसके अलावा बाजपट्टी थाना क्षेत्र के बसहा गांव के रविशंकर राउत, ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ टिंकू, शंभू साह, सोनबरसा थाना क्षेत्र के जयनगर गांव के जय किशोर राम, शिव प्रकाश, शमसुद्दीन नदाफ, रीगा थाना क्षेत्र के अन्हारी गांव के विवेक साह और दीपू कुमार यादव शामिल है। डकैतों के पास से चार देसी कट्टा, पिस्टल, नौ जिंदा कारतूस, 1.628 किलोग्राम चरस, 67 पुड़िया स्मैक, घटना में प्रयुक्त ग्लैमर बाइक, चाकू, दो नुकीले रॉड, दो लाठी, 11 मोबाइल फोन और डकैत में लूटे गए जेवरात-दस्तावेज बरामद किए हैं। **डकैती की आठ घटनाओं का खुलासा** एसपी ने बताया कि डकैती की वारदातों को रोकने के लिए सदर एसडीपीओ-1 राम कृष्णा, सदर एसडीपीओ-2 आशीष आनंद और पुपरी एसडीपीओ अतनु दत्ता के नेतृत्व में डीआइयू के साथ एसआईटी टीम का गठन किया गया था। डकैतों ने जिले में सात डकैती कांडों के अलावा दरभंगा जिले के एक डकैती में गैंग का शामिल होना कबूला है। इस संबंध में बाजपट्टी थाना में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया कि इन डकैतों के विरुद्ध जिले के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है, जिसमें कई अपराधकर्मी लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट एवं चोरी में पहले भी जेल जा चुके हैं।

# मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में शुरू होगी मेट्रो रेल सेवा, 22 जुलाई से विधानमंडल का मॉनसून सत्र

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें मेट्रो विस्तार और नए पदों सहित 11 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मॉनसून सत्र, निजी नलकूप योजना और सिविल कोर्ट नियमों पर चर्चा की गई, साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षाओं के माध्यम से पारदर्शी भर्ती की योजना भी चर्चा का विषय रही।**

**पटना**



बिहार की नीतीश सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया है। मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने समेत 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। मुख्यमंत्री आवास स्थित कैबिनेट हॉल में हुई इस बैठक में 22 से 26 जुलाई तक विधानमंडल का मॉनसून सत्र आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

**नीतीश कैबिनेट की बैठक में लिए गए अन्य फैसले** बैठक में राज्य के लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए भी महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की निजी नलकूप योजना के तहत 35,000 नए निजी नलकूप लगाए जाएंगे। इसके लिए 266 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने बिहार उच्च न्यायिक सेवा में 140 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। खेल विभाग में भी 98 नए पद बनाए जाएंगे। राज्य के 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए 80 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इस राशि का उपयोग कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के निर्माण और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। कैबिनेट ने बिहार व्यवहार न्यायालय अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्ति प्रोन्नति स्थानांतरण एवं अन्य सेवा संशोधन नियमावली 2024 और बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 को भी मंजूरी दे दी।

सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने के लिए कैबिनेट ने भर्ती परीक्षाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोजित करने का फैसला लिया है।

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रियों के साथ एक बैठक की। इसमें उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। मीडिया और आम लोगों की निगाहें इस बैठक पर टिकी हुई थीं, क्योंकि उम्मीद थी कि सरकार नौकरी और रोजगार के मुद्दे पर कोई बड़ा ऐलान कर सकती है।

# करंट लगाया और वहां पेट्रोल डाल दिया', आंखफोड़वा के बाद 'प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल' कांड

***भागलपुरः*** *बिहार के भागलपुर में 1979-80 के दरमियान हुआ आंखफोड़वा कांड अभी भी लोगों में सिहरन पैदा कर देता है। उस वक्त 33 अपराधियों की आंख में पुलिस ने तेजाब डाल उन्हें अंधा कर दिया था। बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर के बाद बौखलाई पुलिस पर इस मामले में सुलगते सवाल उठ गए थे। अब 4 दशक बाद उससे भी जघन्य कांड के आरोप भागलपुर पुलिस पर लगे हैं। आरोप है कि पुलिस ने एक मर्डर केस में पूछताछ के लिए लाए गए लोगों को थर्ड डिग्री से भी भयानक टॉर्चर दिया। ऐसा टॉर्चर जिसके बारे में जानकर कोई भी थर्रा उठेगा।*

*पूरा मामला आपको हम जड़ से शुरू करते हुए बताते हैं। दरअसल इस पूरे कांड की शुरुआत 14 जून को हुई। उस दिन गोराडीह अवस्थित पहाड़िया स्थान के पास फुदनचक बहियार में 49 साल के सुमेश मंडल की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। इसके बाद मृतक के बेटे अभिषेक के लिखित आवेदन के आधार पर केस दर्ज किया गया। अभिषेक ने अपने आवेदन में स्थानीय व्यापारी मंडल सहित चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया।*

*FIR के बाद पुलिस ने व्यापारी मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिर व्यापारी मंडल की निशानदेही पर पुलिस ने छह और संदिग्धों को हिरासत में लिया। इन 6 लोगों को रविवार की देर रात थाने लाया गया। संदिग्धों में गोराडीह हरिजन टोला पहाड़िया स्थान के रहने वाले धनेश्वर दास, कन्हाई दास, अंबेडकर दास, फुलेश्वर दास और रंजीत दास शामिल थे।*

# आरक्षण प्रतिशत पर कहां चूक गए नीतीश कुमार, जयललिता के पदचिन्हों पर चलेंगे बिहार सीएम?

***पटनाः*** *बिहार में जातीय जनगणना के बाद आरक्षण में बढ़े प्रतिशत का खेल सामाजिक न्याय के आवरण में शुद्ध राजनीतिक था। ऐसा इसलिए कि यह तो राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जानते थे कि इसे हाई कोर्ट से झटका लगना है। इसलिए आरक्षण प्रतिशत को 65 प्रतिशत ले जाने के बाद भी यह आग्रह लगातार बना रहा कि इस 9वीं अनुसूची में शामिल कराया जाए। पटना हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या नीतीश कुमार जयललिता के पदचिन्हों पर चलेंगे?*

***हाई कोर्ट ने क्या कहा?***

*बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाए जाने को लेकर राज्य सरकार ने जो निर्णय किए थे उस फैसले को हाईकोर्ट से आज झटका लग गया है। दरअसल, आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के राज्य सरकार के फैसले से हाईकोर्ट सहमत नहीं हुई और रद्द कर दिया। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने यह फैसला राज्य सरकार के उस निर्णय के विरुद्ध सुनाया, जिसने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी, ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने की बात थी। इस निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला हाई कोर्ट ने सुनाया। कोर्ट ने राज्य सरकार को इस कानून को रद्द करने का आदेश दिया है।*

***तमिलनाडु का आरक्षण प्रसंग*** *तमिलनाडु में भी 50 प्रतिशत से बढ़े आरक्षण के विरुद्ध ही न्यायालय का फैसला आया था। तब नवंबर 1993 में एक विशेष विधानसभा सत्र में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से संविधान में संशोधन के लिए कदम उठाने को कहा गया। ऐसा इसलिए कि तमिलनाडु सरकार पिछड़े वर्गों के कल्याण और उन्नति के लिए 69 प्रतिशत की अपनी नीति जारी रख सके। और तब तमिलनाडु सरकार ने पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (शैक्षणिक संस्थानों में सीटों का आरक्षण और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों या पदों का आरक्षण) विधेयक, 1993 नामक विधेयक पेश किया।*

# 'हमें वहां इसलिए ले जाया गया', बिहार से गायब चार लड़कियां जालंधर में मिलीं




***बिहार के सीतामढ़ी से अचानक 4 लड़कियां गायब हो गईं। ये सभी एक ही इलाके से गायब हुई थीं। इसके बाद तो पूरे क्षेत्र में लोग अनहोनी की आशंका से सिहर उठे। पुलिस ने भी इस केस को चुनौती की तरह लिया और टेक्निकल सर्विलांस का इस्तेमाल करते हुए पंजाब के जालंधर पहुंच गई।***

***सीतामढ़ीः*** *बिहार के सीतामढ़ी जिला पुलिस ने एक गांव से गायब चार लड़कियों को पंजाब राज्य के जालंधर शहर से बरामद कर बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बरामदगी से जहां पुलिस राहत की सांस ले रही है, वहीं उससे अधिक लड़कियों के परिजन राहत महसूस कर रहे है। सभी लड़कियां नाबालिग बताई जा रही है। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने इस पूर मामले की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस केस में SIT का गठन किया गया और गहरी तफ्तीश के साथ पुलिस टीम ने काफी मेहनत की। इसके बाद ये कामयाबी मिली।*

***एक सप्ताह के अंदर लड़कियां बरामद*** *महज एक सप्ताह के अंदर अपनी पूरी ताकत झोंक कर इन लड़कियों को बरामद करने को लेकर जिला के लोग पुलिस की कामयाबी की चर्चा कर रहे है और तारीफ भी। एसपी तिवारी ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के भैरोकोठी गांव से चार बालिकाएं अपने घर से अचानक गायब हो गई थी। इस संबंध में गांव के नीरस साह के पुत्र महेश साह ने 11 जून 24 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया था और चारों लड़कियों की बरामदगी के लिए तुरंत एसआईटी का गठन की थी।*

***तकनीकी जांच के आधार पर बरामदगी*** *एसपी तिवारी ने बताया कि विशेष टीम तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर पंजाब के जालंधर शहर से चारों लड़कियों को बरामद कर ली है। बताया कि सदर डीएसपी राम कृष्णा के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस चारों को जालंधर से यहां लाई है। चारों की चिकित्सीय जांच भी कराई गई है। बताया कि चारों लड़कियों से कुछ अहम जानकारियां मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।* ***इस काम के लिए ले जाया गया था पंजाब*** *पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ लड़के इन लड़कियों को 6000 रूपये महीना दिलाने की बात कह नौकरी दिलाने के लिए जालंधर ले गए थे। इधर, पुलिस उक्त लड़कों का नामों का खुलासा नही किया है। ताकि इन सबों की गिरफ्तारी में कोई बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जल्द ही पूरे मामले का विस्तार से खुलासा किया जा सकता है।*

***नीट परीक्षा रद्द करवाने की मांग पर प्रदर्शनःकेंद्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला, प्रदर्शनकारियों ने कहा- सरकार कमजोर इसलिए पेपर लीक हुआ***

***पटना*** *। नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर अलग-अलग राज्यों में छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर गुरुवार को पटना के कारगिल चौक पर छात्र संगठन आइसा द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका गया। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी की।*

*छात्रों ने कहा- सरकार कमजोर है। इसलिए पेपर लीक हुआ। हम मांग कर रहे हैं कि एनटीए को खत्म किया जाए। छात्रों ने कहा- नेट का भी पेपर लीक हुआ है। इससे ये साबित होता है कि एनटीए किसी भी एग्जाम को कंडक्ट कराने में असक्षम है। वहीं, नीट की परीक्षा रद्द की जाए और दोबारा परीक्षा कराई जाए।*

*पटना के कारगिल चौक पर छात्र संगठन आइसा द्वारा प्रदर्शन किया गया। छात्रों का कहना है कि इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। ऐसे में री एग्जाम कंडक्ट करवाया जाए। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा में गड़बड़ी के कारण शिक्षा मंत्रालय ने एग्जाम को रद्द कर दिया है। साथ ही मामले की जांच सीबीआई को दी है।*

# नालंदा यूनिवर्सिटीः 'PM मोदी से इतना डर क्यों, यूपीए को क्रेडिट देने में इसलिए कतरा रहे नीतीश बाबू'

**नालंदा यूनिवर्सिटी की नई बिल्डिंग के उद्घाटन के बाद इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहां इसके निर्माण का क्रेडिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दे दिया तो वहीं आरजेडी के नेता इसे केंद्र में रही यूपीए सरकार की देन बता रही है।**



**नालंदाः** बिहार में विपक्ष अभी काफी आक्रामक है। लोकसभा चुनाव में मिली अपेक्षित सफलता ने विपक्ष के लिए दो दरवाजे खोल दिए हैं। एक तो श्रेय लेने की और दूसरा नीतीश नीत सरकार के सुशासन पर एक रणनीति के तहत चौतरफा हमले की। इस बार विपक्ष ने हमले का कोण ऐतिहासिक नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस के उद्घाटन समारोह को बनाया और साफ कहा कि इसके आधार में यूपीए की सरकार है।

**नीतीश ने कहा राष्ट्रपति कलाम के प्रस्ताव को फलीभूत कराया** 2005 के नवंबर से काम करने का मौका मिला तब से हमलोग बिहार के विकास के लिए कई काम कर रहे हैं, जिसमें नालंदा यूनिवर्सिटी को पुनर्स्थापित करना भी था। मार्च, 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे तब उन्होंने नालंदा यूनिवर्सिटी को फिर से स्थापित करने की बात कही थी। उसी समय से हम लोगों ने नालंदा अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी को पुनर्स्थापित करने की पहल शुरू की और इसके लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया, लेकिन किसी कारणवश कार्य में विलंब होने पर राज्य सरकार ने इसके लिए नया कानून बनाया और यूनिवर्सिटी की पुनर्स्थापना के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया। 2008 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रथम विजिटर के रूप में दोबारा नालंदा यूनिवर्सिटी आए और वहां हो रहे कामों को देखा। 2010 में हमारे अनुरोध पर लोकसभा में इसके लिए एक बिल पारित किया गया। राज्य सरकार ने भूमि अधिग्रहण कर केंद्र सरकार को सौंप दिया। काम धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया और 2014 से आंशिक रूप से यहां पढ़ाई शुरू हो गई। 2014 में ही देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और फिर नालंदा यूनिवर्सिटी का काम काफी तेजी से होने लगा। 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी ने इसका शिलान्यास किया। **नालन्दा यूनिवर्सिटी के पुनर्स्थापना का आधार यूपीएः गगन** आरजेडी प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि जिस नालंदा यूनिवर्सिटी के नए भवन का वह लोकार्पण करने आए थे वह राजद के समर्थन वाली केन्द्र की यूपीए सरकार की देन है। यूपीए सरकार के समय ही संसद की ओर से 2010 में पारित 'नालन्दा यूनिवर्सिटी विशेष अधिनियम' के द्वारा इसकी स्थापना की गई है। पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने भाषण में एक बार भी इसका उल्लेख नहीं किया। हद तो तब हो गई जब बिहार के बलबूते पर तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार को लेकर कोई नवीन घोषणा की। बिहारवासियों को अपने किए योगदान पर भरोसा था कि इस बार बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए यहां की जनता को विशेष राज्य का दर्जा देंगे। पर खाली हाथ आए और श्रेय लेकर चले गए। मुख्यमंत्री भी पता नहीं किस मजबूरी में प्रधानमंत्री के समक्ष पहले की तरह खुले मंच से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, विशेष पेकेज की मांग भी नहीं करते हैं। जबकि अब तो नीतीश कुमार के समर्थन से हीं नरेंद्र मोदी जी दोबारा प्रधानमंत्री बने हैं। नए रंग और नए तेवर में आए नालंदा अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की कहानी वर्ष 2006 में प्रारंभ हुई। तब भारत के 11वें राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनरुद्धार के लिए बिहार विधान मंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करते इस विचार के प्रस्ताव रखा। वर्ष 2007 में बिहार विधान सभा में एक नए अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए एक विधेयक पारित किया। नालंदा यूनिवर्सिटी विधेयक 2010, दरअसल 21अगस्त 2010 को राज्यसभा में और 26 अगस्त 2010 को लोकसभा में पारित किया गया। इस बिल को 21 सितंबर 2010 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई। इस तरह से अधिनियम बन गया। यूनिवर्सिटी 25 नवंबर 2010 में अस्तित्व में आया जब अधिनियम लागू किया गया।

# ‘ऑफिसर्स च्वाइस’ बनाने वाली कंपनी का IPO अगले मंगलवार को खुल रहा है



**ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली मुंबई की कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स (Allied Blenders and Distillers) का अलगे सप्ताह आईपीओ आ रहा है। इसके दो रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर की कीमत 267 रुपये से 281 रुपये तय की गई है। इसमें निवेशक आगामी 25 जून से 27 जून तक बोली लगा सकते हैं।**

**मुंबईः** कई मशहूर ब्रांड नाम से व्हिस्की, ब्रांडी, जिन, रम, वोदका आदि बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का आईपीओ अगले सप्ताह मार्केट में हिट कर जाएगा। इसमें निवेशक आगामी 25 जून से 27 जून तक बोली लगा सकेंगे। इसके आईपीओ में दो रुपये अंकित मूल्य का प्राइस बैंड 267 रुपये से 281 रुपये तय किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स आगामी सोमवार यानी 24 जून को निवेश कर सकेंगे।

**क्या है इश्यू का डिटेल** कंपनी के आरएचपी के मुताबिक यह भारत की सबसे बड़ी इंडियन मेड फॉरेन लिकर या आईएमएफल बनाने वाली कंपनी है। घरेलू बाजार में बिक्री के हिसाब से इसका तीसरा स्थान है। यह विदेशी बाजारों में भी खूब एक्सपोर्ट करती है। आईपीओ के तहत कंपनी 1,500 करोड़ का इश्यू ला रही है। इसमें 1,000 करोड़ का नया इश्यू और प्रमोटरों और दूसरे निवेशकों द्वारा 500 करोड़ मूल्य के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। **क्या है प्राइस बैंड और बिडिंग डेट** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ का प्राइस बैंड तय हो गया है। कंपनी ने 267 से 281 प्रति इक्विटी शेयर की लिमिट में मूल्य तय किया है। इसका अंकित मूल्य 2 प्रति शेयर है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ की सब्सक्रिप्शन ओपनिंग 25 जून से शुरू होगी और 27 जून को बंद होगी। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों को अलॉटमेंट 24 जून को होने वाला है। लाइवमिंट की खबर के मुताबिक, फ्लोर प्राइस इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य का 133.50 गुना है और कैप प्राइस इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य का 140.50 गुना है। 2 रुपये प्रत्येक अंकित मूल्य वाले न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं।

**लिस्टिंग की डेट क्या है** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ के शेयरों के अलॉटमेंट को 28 जून को आखिरी रूप दिया जा सकता है। मतलब कि सब्सक्राइब करने वालों को उस दिन पता चल जाएगा कि शेयर का अलॉटमेंट हुआ या नहीं। जिन्हें शेयर का अलॉटमेंट नहीं होगा, उन्हें कंपनी 1 जुलाई को रिफंड शुरू करेगी, जबकि शेयर रिफंड के बाद उसी दिन आवंटियों के डीमैट खाते में जमा किए जाएंगे। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के शेयर की कीमत 2 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है।

**कौन हैं इश्यू के लीड मैनेजर्स** आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और आईटीआई कैपिटल लिमिटेड एलाइड ब्लेंडर्स आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार के रूप में काम कर रहा है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को इस आईपीओ से काफी उम्मीदें हैं। कंपनी को निवेशकों की तरफ से भरपूर समर्थन मिलने की उम्मीद है। अभी ग्रे मार्केट में एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के आईपीओ पर कोई गतिविधि नहीं दिख रही है। उम्मीद की जा रही है कि एक-आध दिन में इस पर ग्रे मार्केट प्रीमियम का अंदाजा लग जाएगा।

# पांच महीने में 28 टन सोना खरीद चुका है RBI, आखिर क्या है सेंट्रल बैंक का प्लान?

**दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोने की जमकर खरीद कर रहे हैं। हमारा आरबीआई भी इसमें पीछे नहीं है। इस साल मई तक बैंक 28 टन सोना खरीद चुका है। दूसरी ओर उनसे यूएस डॉलर वाली एसेट्स में अपनी हिस्सेदारी कम की है।**



**नई दिल्लीः** दुनियाभर के सेंट्रल बैंक तेजी से सोना खरीद रहे हैं। आरबीआई (RBI) भी इसमें पीछे नहीं है। मई तक केंद्रीय बैंक 28 टन सोना खरीद चुका है। मई में बैंक ने तीन टन सोना खरीदा। उससे पहले अप्रैल में केंद्रीय बैंक ने करीब छह टन सोना खरीदा और सात बिलियन डॉलर मूल्य की अमेरिकी ट्रेजरी सिक्योरिटीज बेच दी। आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार मैनेजमेंट में विविधता ला रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के हाल में जारी आंकड़ों के अनुसार आरबीआई की होल्डिंग्स में अमेरिकी ट्रेजरी सिक्योरिटीज की वैल्यू अप्रैल में 7.1 अरब डॉलर घटकर 233.5 अरब डॉलर रह गया। इसकी तुलना में, भारत ने पिछले साल अप्रैल में लगभग एक अरब डॉलर मूल्य की अमेरिकी ट्रेजरी सिक्योरिटीज खरीदी थी।

आरबीआई की रणनीति दुनिया के दूसरे प्रमुख केंद्रीय बैंकों की स्ट्रैटजी के अनुरूप है। भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से ये बैंक अपने भंडार में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं और डॉलर वाली एसेट्स का हिस्सा कम कर रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक विदेशी केंद्रीय बैंकों ने अमेरिकी ट्रेजरी सिक्योरिटीज में अपना एक्सपोजर 30 अरब डॉलर तक कम कर दिया है। दूसरी ओर, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-मार्च तिमाही में वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों ने रिकॉर्ड 290 टन सोना खरीदा। इस दौरान चीन और तुर्की के केंद्रीय बैंकों ने सबसे ज्यादा खरीदारी की। आरबीआई ने दिसंबर 2017 से बाजार से नियमित रूप से सोने की खरीदारी शुरू की थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव से पिछले दो वर्षों में बैंक इसमें तेजी लाया है।

**गोल्ड रिजर्व क्यों बढ़ा रहे हैं बैंक** लेकिन इस साल जनवरी से आरबीआई ने सोने की खरीद में काफी तेजी दिखाई है। केंद्रीय बैंक मई तक 28 टन सोना खरीद चुका है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल द्वारा 2024 में कराए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक केंद्रीय बैंकों के सोना खरीदने के तीन मुख्य कारण हैं। पहला कारण है सोने की लॉन्ग टर्म वैल्यू। दूसरी वजह यह है कि संकट के समय हमेशा सोने की चमक बढ़ी है। तीसरी वजह यह है कि पोर्टफोलियो डाइवर्सिफायर के रूप में इसकी कारगर भूमिका रही है। आरबीआई स्ट्रैटजिक मूव के तौर पर अपने भंडार में सोने की मात्रा बढ़ा रहा है। इसे महंगाई और फॉरेन करेंसी रिस्क में हेज के रूप में देखा जाता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 5 अप्रैल को नीतिगत समीक्षा के बाद मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा था कि इस तरह के फैसलों में सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाता है।

# 10% छूट चाहते हैं तो 30 जून से पहले जमा करा दें प्रॉपर्टी टैक्स




**ल्ली में रहने वाले प्रॉपर्टी मालिकों के लिए अच्छी खबर है। 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर उन्हें 10 फीसदी छूट मिलेगी। एमसीडी ने इसके लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस 30 जून, 2024 तक सभी शनिवार को भी खुले रहेंगे।**

**नई दिल्लीः** MCD ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों के अलावा खाली भूमि और भवनों के कब्जाधारियों से अपील की है कि उन्हें 30 जून, 2024 से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर ही 10 पर्सेंट की छूट मिलेगी। सभी संपत्ति करदाता दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in पर लॉग इन कर अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते हैं। पैसों का भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकता है। MCD ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों से अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने की भी सलाह दी है। लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस 30 जून, 2024 तक सभी शनिवार को भी खुले रहेंगे।

एमसीडी के प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट का कहना कि चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न वार्डों में 800 से अधिक कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के दौरान 24,000 से अधिक करदाताओं ने अपने कर का भुगतान किया है। कैंप के आयोजन में सहायता के लिए RWA, मार्केट असोसिएशन संबंधित रिजनल प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट से अनुरोध कर सकते हैं। टैक्सपेयर कई तरह से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर सकते हैं। इनमें यूपीआई, वॉलेट, डिमांड ड्राफ्ट और ऑनलाइन पेमेंट गेटवे शामिल हैं। एमसीडी ने साथ ही 8.7 लाख ऐसे टैक्सपेयर्स को एडवांस बिल भेजे हैं जिन्होंने पिछले साल टैक्स भरा था। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में 11.5 फीसदी गिरावट देखने को मिली थी। इस दौरान कुल 2,137 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्ट किया गया था जो फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के मुकाबले 280 करोड़ रुपये कम है। साथ ही इस दौरान टैक्सपेयर्स की संख्या में भी गिरावट आई है। 2022-23 में यह संख्या 13.29 लाख थी जो 2023-24 में 12.58 लाख थी। अधिकारियों का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में समृद्धि स्कीम के कारण 400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त रेवेन्यू आया था। लेकिन 2023-24 में इसे लागू नहीं किया गया था।

# खड़ी की 5480 करोड़ की कंपनी फिर 5 साल में बेच दी, अब क्या करती हैं?

**वाणी कोला 22 साल अमेरिका में रहने के बाद भारत लौटीं। वह कलारी कैपिटल की संस्थापक हैं। यह देश की प्रमुख वेंचर कैपिटल फर्मों में से एक है। राइटवर्क्स और सर्टस सॉफ्टवेयर जैसी सफल कंपनियों की स्थापना का श्रेय भी वाणी को जाता है।**

नई दिल्लीः

आज हम आपको ऐसी शख्सीयत से मिलाते हैं जिनसे बड़ी संख्या में लोग प्रेरित होते हैं। उनका नाम है वाणी कोला। 22 साल अमेरिका में काम करने के बाद वाणी ने वापस भारत आकर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कलारी कैपिटल नाम की एक सफल वेंचर कैपिटल फर्म की स्थापना की। यह कंपनी शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स में निवेश करती है। वाणी इस कंपनी की संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**हैदराबाद में हुआ जन्म, इंजीनयिरगि की** वाणी हैदराबाद से ताल्लुक रखती हैं। इसी शहर में उनका जन्म हुआ। उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद वह अमेरिका चली गईं। अरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी से उन्होंने मास्टर डिग्री हासिल की। **करोड़ों की कंपनी बना 5 साल में बेच दी** साल 1996 में वाणी ने राइटवर्क्स नाम की एक ई-प्रोक्योरमेंट कंपनी शुरू की। पांच साल बाद उन्होंने इसे ICG को 657 मिलियन डॉलर में बेच दिया जो आज के समय में लगभग 5480 करोड़ रुपये होते हैं। इसके बाद उन्होंने सर्टस सॉफ्टवेयर नाम की एक और कंपनी शुरू की और उसे भी बेच दिया। फिर वाणी ने भारत वापस आकर अपनी वेंचर कैपिटल फर्म शुरू करने का फैसला किया।

**ऐसे बनी कलारी कैपिटल** भारत लौटकर वाणी ने विनोद धाम और कुआर शिर्लागी के साथ मिलकर इंडो-यूएस वेंचर पार्टनर्स फंड लॉन्च किया। इस फंड को न्यू एंटरप्राइज एसोसिएट्स (NEA) का समर्थन प्राप्त था। चार साल बाद NEA ने इस संयुक्त उद्यम से अलग होने का फैसला किया। 2012 में वाणी ने इसका नाम बदलकर कलारी कैपिटल कर दिया। उनकी फर्म ने अब तक 850 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए हैं। 110 से अधिक स्टार्टअप्स को फंड दिया है। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**पढ़ने-लिखने का काफी शौक**

व्यावसायिक जीवन के अलावा वाणी को पढ़ने का बहुत शौक है। उन्हें लिखना और अपने विचार साझा करना भी पसंद है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर उनके 87.6 हजार फॉलोअर्स हैं। वाणी एक साहसी पर्वतारोही और धावक हुआ करती थीं। उन्होंने 2000 के दशक में माउंट किलिमंजारो की चोटी पर चढ़ाई की थी। उन्होंने कई मैराथन में भी भाग लिया है। दो बेटियों की मां वाणी को प्रकृति से बहुत लगाव है। उन्होंने श्रीनिवास कोला से शादी की है।



# कारोबार पर भी गर्मी की मार, व्यापारी बोले... आधी हुई सेल, घर से नहीं निकल रहे लोग



**राजधानी दिल्ली समेत देश के कई इलाकों में रेकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रहा है। इससे बिजनस भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली में प्रमुख बाजारों में खरीदारी में 50 फीसदी तक गिरावट देखने को मिल रही है। तेज गर्मी की वजह से सब्जियां और फल जल्दी खराब हो रहे हैं।**

**नई दिल्लीः** दिल्ली में रेकॉर्ड तोड़ गर्मी का असर न सिर्फ लोगों के जनजीवन पर पड़ा है बल्कि कारोबार भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दिल्ली की प्रमुख मार्केटों में खरीदारी 40 से 50 फीसदी तक कम हो गई है। यही स्थिति रेस्तरां वालों की भी है। दुकानदारों का कहना है कि सुबह से ही गर्मी बढ़ने से बाजारों में खरीदारों की संख्या बड़ी तेजी से कम हुई है। यही हाल फल-सब्जी विक्रेताओं का है। उनका कहना है कि सब्जियां, फल खरीदारों की संख्या कम हुई है। दूसरी दिक्कत ये है कि तेज गर्मी की वजह से सब्जियां और फल एक-दो दिन में ही खराब हो रहे हैं। जिससे उन्हें दोहरा नुकसान हो रहा है।

कनॉट प्लेस की न्यू दिल्ली टेडर्स असोसिएशन के अध्यक्ष अतुल गर्ग का कहना है कि गर्मी तो हर साल आती है लेकिन इस बार तीखी गर्मी लंबे वक्त से जारी है। जिसकी वजह से दिन में बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। जो ग्राहक आते हैं, वे भी पांच बजे के बाद ही। ग्रेटर कैलाश की एम ब्लॉक मार्केट के अध्यक्ष राजेंद्र शारदा का भी कहना है कि दिन के वक्त दुकानें 11 बजे के करीब खुलती हैं। तब तक गर्मी हो जाती है। दिन भर बाजार में गिने चुने ग्राहक ही आते हैं। शाम को जरूर ग्राहक आ जाते हैं। लगभग पचास फीसदी ग्राहक कम हो गए हैं। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट के प्रधान अशोक रंधावा के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े में खरीदारी 70 फीसदी तक गिर गई है। पिछले कुछ दिनों में तो गर्मी की वजह से ग्राहकों की तबीयत खराब होने की भी घटनाएं सामने आई हैं।

**रेस्तरां पर भी असर** गर्मी की वजह से रेस्तरां में आने वालों की संख्या पर असर पड़ा है। जैन ढाबे के सुनील जैन का कहना है कि गर्मी की वजह से उनका कारोबार 30 से 40 फीसदी कम हो गया है। हालांकि उनका ये भी कहना है कि होम डिलिवरी से खाना मंगाने वालों की संख्या में लगभग 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं एक रेस्तरां चेन चलाने वाले कमल शर्मा का कहना है कि गर्मी के बावजूद ग्राहकों की संख्या में कमी नहीं हुई है।

कैलाशपुरी सब्जी मंडी के विक्रेता सुरेश यादव ने बताया कि गर्मी के सीजन से पहले वह करीब 6 से 7 हजार रुपये की सब्जियां रोज लेते थे और लगभग सारी सब्जियां बिक जाती थीं। अब धीरे-धीरे कर वह महज 3 से 4 हजार रुपये की सब्जियां और फल ले रहे हैं। इसमें भी 700 से 800 रुपये की सब्जियां और फल बच जाते हैं। फल तो अगले दिन बिकने की संभावना रहती है, लेकिन सब्जियां सूख जाती हैं। इसलिए यह नुकसान होता है। इसलिए शाम होते-होते वह अपने खरीदी रेट पर ही सब्जियां बेच देते हैं। सब्जियों की बिक्री में गिरावट

द्वारका सेक्टर-10 के सब्जी विक्रेता सूर्य कुमार ने बताया कि लोग अब शायद घर में खाना ही नहीं बना रहे हैं। गर्मी की वजह से खाना बाहर से ऑर्डर हो रहा है, इसलिए सब्जियों की सेल कम हो गई है। पहले की तुलना में आधी से भी कम सब्जियां बिक रही हैं। वह अपने रोज के ग्राहकों से पूछते हैं तो वह यही कहते हैं कि आज तो खाना ही मंगवा लिया। ऐसे में गुजारा और कमाई दोनों पर काफी असर है।

दिल्ली कैंट के सब्जी विक्रेता रामजी लाल ने बताया कि सुबह और रात के समय भी हवाएं गर्म होने से लोग बाहर नहीं निकल रहे हैं। सब्जियों की डिलिवरी ऑनलाइन मंगवा रहे हैं। ग्राहक हमें यही बात बता रहे हैं। वह रोज विभिन्न तरह की 40 से 50 किलो सब्जियां लेते थे। इस समय वह मुश्किल से 25 से 30 किलो सब्जियां ले रहे हैं। इसमें भी वह अब ऐसी सब्जी लेते हैं जो अगले दिन खराब न हो। सबसे अधिक नुकसान खीरे, धनिया, हरी मिर्च जैसी सब्जियों में हो रहा है। यह जल्दी सूख जाती हैं।

# ‘ऑफिसर्स च्वाइस’ बनाने वाली कंपनी का IPO अगले मंगलवार को खुल रहा है




**ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली मुंबई की कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स (Allied Blenders and Distillers) का अलगे सप्ताह आईपीओ आ रहा है। इसके दो रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर की कीमत 267 रुपये से 281 रुपये तय की गई है। इसमें निवेशक आगामी 25 जून से 27 जून तक बोली लगा सकते हैं।**

**मुंबईः** कई मशहूर ब्रांड नाम से व्हिस्की, ब्रांडी, जिन, रम, वोदका आदि बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का आईपीओ अगले सप्ताह मार्केट में हिट कर जाएगा। इसमें निवेशक आगामी 25 जून से 27 जून तक बोली लगा सकेंगे। इसके आईपीओ में दो रुपये अंकित मूल्य का प्राइस बैंड 267 रुपये से 281 रुपये तय किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स आगामी सोमवार यानी 24 जून को निवेश कर सकेंगे। **क्या है इश्यू का डिटेल**

कंपनी के आरएचपी के मुताबिक यह भारत की सबसे बड़ी इंडियन मेड फॉरेन लिकर या आईएमएफल बनाने वाली कंपनी है। घरेलू बाजार में बिक्री के हिसाब से इसका तीसरा स्थान है। यह विदेशी बाजारों में भी खूब एक्सपोर्ट करती है। आईपीओ के तहत कंपनी 1,500 करोड़ का इश्यू ला रही है। इसमें 1,000 करोड़ का नया इश्यू और प्रमोटरों और दूसरे निवेशकों द्वारा 500 करोड़ मूल्य के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है।

**क्या है प्राइस बैंड और बिडिंग डेट** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ का प्राइस बैंड तय हो गया है। कंपनी ने 267 से 281 प्रति इक्विटी शेयर की लिमिट में मूल्य तय किया है। इसका अंकित मूल्य 2 प्रति शेयर है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ की सब्सक्रिप्शन ओपनिंग 25 जून से शुरू होगी और 27 जून को बंद होगी। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों को अलॉटमेंट 24 जून को होने वाला है। लाइवमिंट की खबर के मुताबिक, फ्लोर प्राइस इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य का 133.50 गुना है और कैप प्राइस इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य का 140.50 गुना है। 2 रुपये प्रत्येक अंकित मूल्य वाले न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। **लिस्टिंग की डेट क्या है**

एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स आईपीओ के शेयरों के अलॉटमेंट को 28 जून को आखिरी रूप दिया जा सकता है। मतलब कि सब्सक्राइब करने वालों को उस दिन पता चल जाएगा कि शेयर का अलॉटमेंट हुआ या नहीं। जिन्हें शेयर का अलॉटमेंट नहीं होगा, उन्हें कंपनी 1 जुलाई को रिफंड शुरू करेगी, जबकि शेयर रिफंड के बाद उसी दिन आवंटियों के डीमैट खाते में जमा किए जाएंगे। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के शेयर की कीमत 2 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। **कौन हैं इश्यू के लीड मैनेजर्स** आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और आईटीआई कैपिटल लिमिटेड एलाइड ब्लेंडर्स आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार के रूप में काम कर रहा है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को इस आईपीओ से काफी उम्मीदें हैं। कंपनी को निवेशकों की तरफ से भरपूर समर्थन मिलने की उम्मीद है।

**क्या है जीएमपी** अभी ग्रे मार्केट में एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के आईपीओ पर कोई गतिविधि नहीं दिख रही है।

# मोदी, बाइडन, पुतिन, शी जिनपिंग.... दुनिया के किस लीडर को मिलती है सबसे ज्यादा सैलरी



**अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी और सबसे ताकतवर देश है। लेकिन वहां के राष्ट्रपति की सैलरी बाकी कई देशों को मुकाबले कहीं कम है। इसी तरह चीन के राष्ट्रपति की सैलरी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से भी कम है। जानिए किस देश के हेड ऑफ स्टेट की सैलरी है सबसे ज्यादा...**

**नई दिल्लीः** खाड़ी देशों ने अपने ऑयल रिजर्व के दम पर खासी प्रगति की है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी ये देश काफी आगे निकल चुके हैं। दुनिया में सालाना सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले राष्ट्राध्यक्षों की लिस्ट में टॉप तीन पर इन्हीं देशों के हेड ऑफ स्टेट हैं। दिलचस्प बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति की सैलरी इन देशों के मुकाबले बहुत कम है। वहीं चीन के राष्ट्रपति की सैलरी भारत के प्रधानमंत्री के मुकाबले काफी कम है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अर्जेंटीना तथा वेनेजुएला के राष्ट्रपतियों की सैलरी भी चीन के राष्ट्रपति से ज्यादा है। जानिए दुनिया के किस देश के हेड ऑफ स्टेट को मिलती है सबसे ज्यादा सैलरी? World Population Review के मुताबिक दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी सऊदी अरब के किंग को मिलती है। उनकी सैलरी 9.6 अरब डॉलर है। यूएई के हेड ऑफ स्टेट दूसरे नंबर पर है। उनकी सालाना सैलरी 4.61 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुवैत है जहां के राष्ट्राध्यक्ष को सालाना 16.5 करोड़ डॉलर मिलते हैं। मोनाको के हेड ऑफ स्टेट की सालाना सैलरी 5.2 करोड़ डॉलर है। इसके बाद नॉर्वे (3.3 करोड़ डॉलर), स्वीडन (1.6 करोड़ डॉलर), डेनमार्क (1.1 करोड़ डॉलर), नीदरलैंड (60 लाख डॉलर) और जापान (30 लाख डॉलर) का नंबर है। यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड में हेड ऑफ स्टेट को 507 हजार डॉलर और आयरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष को 401 हजार डॉलर मिलते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति को दुनिया में सबसे शक्तिशाली माना जाता है लेकिन उसकी सालाना सैलरी 400 हजार डॉलर है।

मोदी की सैलरी इसके बाद ऑस्ट्रेलिया (378 हजार डॉलर), स्पेन (304 हजार डॉलर), कनाडा (290 हजार डॉलर), इटली (275 हजार डॉलर), जर्मनी (268 हजार डॉलर), साउथ कोरिया (211 हजार डॉलर), तुर्की (197 हजार डॉलर), फ्रांस (194 हजार डॉलर), चेक (149 हजार डॉलर), फिनलैंड (141 हजार डॉलर) और ब्राजील (102 हजार डॉलर) है। World Population Review के मुताबिक भारत के प्रधानमंत्री को सालाना 84 हजार डॉलर यानी करीब 70,07,931 रुपये मिलते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 65 हजार डॉलर है जबकि चीन के राष्ट्रपति को साल में 22 हजार डॉलर की सैलरी मिलती है। इसी तरह बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 17 हजार डॉलर और श्रीलंका के राष्ट्रपति की सैलरी सात हजार डॉलर है।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



एक नजर

## बराक, ड्रोन... इजरायल ने हथियार निर्यात में तोड़े सारे रेकॉर्ड, भारत बना टॉप कस्टमर, ईरान किलर की दुनिया दीवानी




**इजरायल ने गाजा युद्ध के बाद भी हथियार निर्यात के मामले में सारे रेकॉर्ड को तोड़ दिया है। इजरायल ने भारत समेत दुनियाभर के देशों को 13 अरब डॉलर का हथियार बेचा है। इसमें बराक मिसाइल सिस्टम, एरो एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन शामिल हैं। एशिया में भारत सबसे बड़ा ग्राहक है।**

**तेलअवीवः** इजरायल ने गाजा युद्ध के बीच हथियार निर्यात में नया रेकॉर्ड बनाया है। इजरायल ने साल 2023 में 13.1 अरब डॉलर का हथियार निर्यात किया है। इनमें से आधा निर्यात एशिया को किया गया है और उसमें भारत शीर्ष कस्टमर रहा है। पिछले 5 साल में इजरायली हथियारों का निर्यात दोगुना हो गया है। यही नहीं पिछले 3 साल से इजरायली हथियारों का निर्यात लगातार रेकॉर्ड बना रहा है। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह इजरायल का अब तक का सबसे ज्यादा हथियार निर्यात है। इसमें इजरायल का एरो डिफेंस सिस्टम भी शामिल है जिसने ईरानी मिसाइल हमले की बारिश को रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। इजरायल ने जिन हथियारों को निर्यात किया है, उसमें 36 फीसदी एयर डिफेंस सिस्टम है। यह साल 2022 में 19 फीसदी था। इजरायल ने इसके अलावा रेडॉर और इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम, ड्रोन और गोला बारूद का निर्यात किया है। इससे पहले इजरायल की चर्चित रक्षा कंपनी आईएआई ने गलती से खुलास किया था कि भारत उसका सबसे बड़ा ग्राहक है। इजरायल का करीब 48 फीसदी हथियारों का निर्यात एशिया और प्रशांत महासागर के देशों में किया गया है। इसके अलावा 35 फीसदी हथियार निर्यात यूरोप में भी किया गया है।

**इजरायल ने भारत को जमकर बेचे हथियार**

इजरायली रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा निर्यात उसके लिए केंद्रीय प्राथमिकता बन गया है। इजरायल ने यह आंकड़ा तब जारी किया है जब दुनिया के कई देशों ने गाजा युद्ध का हवाला देते हुए इजरायल के हथियारों का बायकाट करना शुरू कर दिया है। कोलंबिया ने कहा है कि वह इजरायल से हथियारों के निर्यात पर रोक लगा रहा है। मई महीने में फ्रांस की अदालत ने इजरायली कंपनियों को रक्षा प्रदर्शनी में हिस्सा लेने से रोक दिया था। इससे पहले इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्री ने खुलासा किया था कि भारत को उसने सबसे ज्यादा हथियारों का निर्यात किया है।

आईएआई ने बताया कि साल 2023 में करीब 1 अरब डॉलर का हथियार भारत को बेचा गया। भारत को इजरायली कंपनी ने एयर डिफेंस सिस्टम की सप्लाई की है। भारत की कंपनी भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने इजरायली कंपनी के साथ मिलकर बराक 8 सरफेस टु एयर मिसाइल सिस्टम का निर्माण शुरू किया है। यह पूरा सौदा 77 करोड़ डॉलर का है। भारत ने आईएआई को 95 करोड़ 30 लाख डॉलर का हथियारों का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा ड्रोन, रेडॉर, मिसाइलें और इलेक्ट्रिक वारफेयर सिस्टम का सौदा इजरायली कंपनी के साथ किया गया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है और अभी रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदता है। इजरायल ने जर्मनी के साथ एरो एयर डिफेंस सिस्टम का सौदा किया है जो करीब 4 अरब डॉलर का है। यह दुनिया के सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस में गिना जाता है।

## भ्रष्टाचार में डूबी चीन की सेना, शी जिनपिंग आगबबूला, चीनी राष्ट्रपति ने पीएलए

**चीन की सेना में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कड़ी चेतावनी दी है। जिनपिंग ने कहा कि भ्रष्टाचार के माहौल को खत्म करें। उन्होंने संकेत दिया कि अभी कई और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इससे पहले 12 से ज्यादा सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया था।**




**बीजिंगः** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग देश की सेना पीएलए में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर बुरी तरह से भड़क उठे हैं। यनान शहर में चीनी सैनिकों के साथ एक मुलाकात में शी जिनपिंग ने कहा कि सेना में किसी भ्रष्ट व्यक्ति के लिए छिपने की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। जिनपिंग ने यह भी कहा कि सेना चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति पूरी तरह से निष्ठा दिखाए। उन्होंने कहा कि चीनी सेना के राजनीति, विचारधारा, काम की शैली और अनुशासन में 'बहुत गहराई तक समस्याएं' हैं। जिनपिंग ने यह भी संकेत दे दिया कि अभी सेना के अंदर भ्रष्टाचार के खिलाफ और ज्यादा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले चीनी राष्ट्रपति ने 12 से ज्यादा सीनियर जनरल और रक्षा उद्योग के अधिकारियों को पद से बर्खास्त कर दिया था। शी जिनपिंग ने पीएलए के शीर्ष कमांडरों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को पैदा करने वाली परिस्थितियों खत्म करें। यही नहीं चीनी सेना कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति पूरी तरह से निष्ठा दिखाए। उन्होंने कमांडरों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए अपने अभियान को दोगुना करें। शी जिनपिंग के इस बयान के बाद चीनी सेना की क्षमता पर सवालिया निशान लगने लगा है। जिनपिंग ने बार-बार सैन्य कमांडरों को चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार से दूर रहें। उन्होंने कहा कि अगर सेना में अनुशासन नहीं रहता है तो उनकी पश्चिमी देशों की सेना से मुकाबला करने की योजना मिट्टी में मिल जाएगी।

**चीन के रक्षामंत्री को पद से हटाया**

जिनपिंग ने प्रण किया कि नए तरह के भ्रष्टाचार और छिपे हुए भ्रष्टाचार को दंडित करने के लिए तरीकों को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा सीनियर कमांडरों की निगरानी को बढ़ाया जाएगा। चीनी सेना पिछले साल से ही भ्रष्टाचार निरोधक अभियान चला रही है। चीनी सेना के 9 जनरल और रक्षा उद्योग के कम से कम 4 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें रणनीतिक रूप से अहम पीएलए की रॉकेट फोर्स भी शामिल है जो देश के रणनीतिक और परमाणु मिसाइलों की देखरेख करती है।

**अमेरिका में पहली बार पहुंचा भारत का राफेल, चीन के J-20 की खैर नहीं**

इसके अलावा चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को भी उनके पद से हटा दिया गया था। उनको हटाने की चीन ने कोई वजह नहीं बताई थी। वहीं रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ली शांगफू के खिलाफ सैन्य उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है। चीन में साल 2014 के बाद पहली बार इस तरह की सैन्य कांफ्रेंस हुई है। चीन ने हथियारों की खरीद पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं ताकि साल 2050 तक देश की सेना को विश्वस्तरीय बना दिया जाए। चीन की नजर ताइवान से लेकर भारत तक पर है और बड़े पैमाने पर सैन्य तैयारी कर रहा है।

## दलाई लामा के उत्तराधिकारी को प्रभावित नहीं कर सकते... तिब्बत के आध्यात्मिक नेता पर आमने-सामने आए चीन और अमेरिका




**अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रिजेंटेटिव के प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बत की निर्वासित सरकार के मुखिया और तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मुलाकात की है। इस प्रतिनिधिमंडल के आने से चीन नाराज हो गया है। वहीं अमेरिका की ओर से भी चीन की सरकार को स्पष्ट जवाब दिया गया है।**

**वॉशिंगटनः** अमेरिकी सांसदों के ग्रुप ने कहा है कि वे चीन को दलाई लामा के उत्तराधिकारी की पसंद को प्रभावित करने की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिका की ओर से ये दलाई लामा की पसंद के लिए अपनाई जाने वाली परंपराओं और मानदंडों के लिए पूर्ण समर्थन का संकेत है। पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश में दलाई लामा के मठ में उनसे मुलाकात के बाद कहा कि दलाई लामा की ज्ञान, करुणा, पवित्रता और प्रेम के संदेश की विरासत हमेशा जीवित रहेगी। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को सीधा घेरते हुए कहा कि दूसरी ओर आप चले जाएंगे तो कोई भी आपको किसी भी चीज का श्रेय नहीं देगा। दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुने जाने की बात पर इस समय चीन और अमेरिका में टकराव दिख रहा है। चीन का मकसद अपने प्रभाव वाले व्यक्ति को ये पद दिलाने का है, जिसे अमेरिका पूरा नहीं होने देना चाहता है।

नैंसी ने कहा, 'जब मैं चीनी सरकार की आलोचना करती हूं, तो वह कहते नैंसी का रवैया नकारात्मक है। मुझे उम्मीद है कि वह आज मुझे यह कहने के लिए प्रेरित करेंगे कि बदलाव आ रहा है। जैसा कि हमारे सहयोगियों ने कहा है कि दूसरों की अच्छाई में तिब्बती लोगों का विश्वास ही सारा अंतर लाएगा।' तिब्बत-चीन विवाद के समाधान या तिब्बत समाधान अधिनियम शीर्षक वाले कानून को मंजूरी का जिक्र करते हुए पेलोसी ने कहा कि इससे चीन को संदेश गया है कि तिब्बत के मुद्दे पर वाशिंगटन की सोच स्पष्ट है। यह विधेयक चीनी सरकार से कहता है कि चीजें अब बदल गई हैं, इसके लिए तैयार रहें।

**चीन और अमेरिका में टकराव क्यों** पेलोसी अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के उन सात सदस्यों में शामिल थीं, जिन्होंने बुधवार को आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने किया। इस डेलीगेशन में मैरिएननेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटाकिस, जिम मैकगवर्न और अमी बेरा शामिल थे। इस प्रतिनिधिमंडल के दलाई लामा से मिलने के बाद चीन की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई।

बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बिडेन से अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों द्वारा अपनाए गए द्विदलीय तिब्बत नीति विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने का आग्रह किया। वाशिंगटन से मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ये विधेयक जो तिब्बत पर उसके नियंत्रण के बारे में चीन की कहानी का मुकाबला करने और चीनी सरकार और दलाई लामा के बीच बातचीत को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। इसे कानून में बदलने के लिए अब सिर्फ बाइडन के हस्ताक्षर का इंतजार है।

## स्पेन में खोजी गई दुनिया की सबसे पुरानी शराब, 2000 साल पहले बनाई गई, आज भी है एकदम पीने लायक?



**दुनिया की सबसे पुरानी शराब कितने साल पुरानी होगी। अभी तक यह रेकॉर्ड जर्मनी में खोजी गई 1700 साल पुरानी शराब के पास था। लेकिन अब यह रेकॉर्ड टूटता हुआ दिख रहा है। स्पेन में 2000 साल पुरानी शराब खोजी गई है। एक अंत्येष्टि कलश में यह मिला है, जो हैरानी वाली बात है।**

**मैड्रिडः** दक्षिणी स्पेन में खुदाई के दौरान 2000 साल पुराना रोमन अंत्येष्टि कलश मिला है। इसमें अब तक की सबसे पुरानी शराब तरल रूप में पाई गई है। 2019 में कार्मोनो में एक घर के नवीनीकरण के दौरान खोजे गए कलश की सामग्री का विश्लेषण कॉर्डोबा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम की ओर से किया गया। इससे जुड़ी स्टडी सोमवार को प्रकाशित की गई। स्टडी के प्रमुख लेखक और यूनिवर्सिटी में कार्बनिक रसायन विज्ञान के प्रोफेसर जोस राफेल रुइज अर्रेबोला ने कहा कि कलश में अंतिम संस्कार के अवशेष, जले हुए हाथी दांत और लगभग 4.5 लीटर लाल रंग का तरल पाया गया।

उन्होंने कहा, 'जब पुरातत्वविदों ने कलश खोला तो हम ठिठक गए। यह बेहद हैरानी वाली बात थी।' इसके बाद टीम ने कलश के तरल का रासायनिक विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि यह शराब है। अर्रेबोला ने कहा कि यह बड़ा आर्शचर्य था, क्योंकि शराब आम तौर पर जल्दी वाष्पित हो जाता है और रासायनिक रूप से अस्थिर होता है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि हमने जो पाया है उसे ढूंढना लगभग असंभव है। उन्होंने कहा कि शराब को एक सील के जरिए संरक्षित किया गया था, जो इसे वाष्पित होने से रोकती थी। लेकिन यह कैसे बनी यह स्पष्ट नहीं हो सका। **कलश में थी सफेद वाइन** अर्रेबोला के मुताबिक रासायनिक विश्लेषण से टीम ने तरल को सफेद वाइन के रूप में पहचाना। क्योंकि इसमें सिरिंजिक एसिड नहीं था, जो सिर्फ लाल वाइन में मौजूद पदार्थ होता है। उन्होंने कहा कि इसमें खनिज नमक संरचना भी क्षेत्र में आज मिलने वाली फिनो वाइन के समान है। रुइज ने कहा, 'यह कुछ अनोखा है। हम इसे ढूंढने और इसका विश्लेषण करने के लिए भाग्यशाली हैं। यह एक ऐसी चीज है, जिसे कुछ ही लोग अपने जीवन में सिर्फ एक बार देखते हैं।' **बन गया नया रेकॉर्ड**! शोधकर्ताओं का मानना है कि उनकी खोज ने तरल अवस्था में सबसे पुरानी शराब का नया रेकॉर्ड हासिल किया है। इससे पहले यह रेकॉर्ड जर्मनी में पाई गई स्पीयर वाइन के पास था, जो लगभग 1,700 साल पुरानी मानी जाती है। हालांकि रासायनिक विश्लेषण के जरिए स्पीयर बोत के उम्र की पुष्टि नहीं की गई है। यह मकबरे में पाए गए छह अंत्येष्टि कलशों में से एक था। अर्रेबोला का कहना है कि सोने की अंगूठी और एक मूल्यवान कलाकृति की खोज बताती है कि इसे काफी धनवान परिवार ने बनाया था।

## कश्मीर पर चीन और शहबाज के बयान पर भारत ने लगाई फटकार तो भड़का पाकिस्तान, याद आने लगा संयुक्त राष्ट्र

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हाल ही में चीन की यात्रा पर गए थे। यह दूसरी बार पीएम बनने के बाद शहबाज की पहली चीन यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान चीन-पाकिस्तान की ओर से संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया गया। इसपर भारत ने विरोध जताया। अब पाकिस्तान ने भारत के रुख पर जहर उगला है।**

**इस्लामाबादः** भारत ने चीन-पाकिस्तान के कश्मीर राग अलापने के खिलाफ बयान दिया था। इस बयान से बौखला कर अब पाकिस्तान भारत के खिलाफ जहर उगलने लगा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर गए थे। इस दौरान चीन-पाकिस्तान ने संयुक्त बयान जारी किया था। इसमें कश्मीर का जिक्र किया गया था, जिसे लेकर भारत ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और किसी भी देश को उनकी स्थिति पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। इसे लेकर पाकिस्तान ने अब कहा है कि जम्मू-कश्मीर पर भारत का दावा पूरी तरह निराधार और गलत है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जून के शुरुआती सप्ताह में चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। 7 जून को शहबाज और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच वार्ता हुई। इसके बाद बीजिंग में पाकिस्तान-चीन की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसमें जम्मू-कश्मीर का जिक्र था। भारत की आपत्ति के बाद पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कहा, 'यह एक स्थापित तथ्य है कि जम्मू और कश्मीर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र है। यह विवाद सात दशकों से ज्यादा समय से यूएनएससी के एजेंडे में है।' विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने आगे कहा, 'सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों में साफ तौर से कहा गया है कि जम्मू-कश्मी के मुद्दे का हल निष्पक्ष जनमतसंग्रह से होगा। उस पृष्ठभूमि में भारत जम्मू-कश्मीर पर दावा करता है जो पूरी तरह से निराधार है।' दोनों देशों ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के तहत भी कश्मीर का जिक्र किया।

## श्रीलंका से 'हारकर' भी भारत को मिलेगा अनमोल खजाने से भरा समुद्री पहाड़! चीन के कब्जे का प्लान यूं होगा फेल

**भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री के नीचे बने एक पहाड़ को लेकर विवाद चल रहा है। भारत चाहता है कि उसे इस समुद्री पहाड़ की जांच करने का अधिकार मिल जाए। वहीं चीन ने भी इस पहाड़ पर नजर गड़ा रखी है। यह पहाड़ श्रीलंका के नीचे हिंद महासागर में मौजूद है।**






**कोलंबोः** भारत और श्रीलंका के बीच हिंद महासागर में पानी के नीचे मौजूद एक पहाड़ को लेकर तनाव बढ़ गया है। इस पहाड़ का नाम अफानसे निकितिन सीमाउंट है। भारत आनन फानन में किसी भी तरह से इस पहाड़ पर उत्खनन का अधिकार हासिल करना चाहता था लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। जमैका स्थित इंटरनैशनल सीबेड अर्थॉरिटी ने भारत के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया कि इस समुद्री इलाके पर एक और देश का दावा है। इस देश का नाम श्रीलंका है। भारत ने इस पहाड़ को हासिल करने के लिए 5 लाख डॉलर फीसद के तौर पर खर्च भी किया था। भारत को सबसे बड़ा खतरा श्रीलंका नहीं बल्कि चीन से लग रहा है जो इस समुद्री पहाड़ पर आंखें गड़ाए हुए है। चीन श्रीलंका की मदद से इसे हासिल करने का सपना देख रहा है। आइए समझते हैं कि इस पहाड़ में ऐसा कौन सा खजाना छिपा है जो भारत और चीन आमने-सामने हैं...

अफानसे निकितिन सीमाउंट मध्य हिंद महासागर में श्रीलंका के नीचे मालदीव के पूरब में स्थित है। भारतीय तट से इस पहाड़ की दूरी 1350 किमी है। इस पहाड़ में बहुत बड़ी मात्रा में कोबाल्ट मिलने का अनुमान है। कोबाल्ट आज दुनियाभर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है और मोबाइल से लेकर ईवी तक में इसका जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे हथियार बनाए जा रहे हैं। इस पहाड़ का इलाका 3 हजार वर्ग किमी में फैला हुआ है और इसमें 150 ब्लॉक हैं। भारत 15 साल के लिए इस इलाके का सर्वेक्षण करना चाहता है। इसीलिए भारत ने इंटरनैशनल सीबेड अर्थॉरिटी से मंजूरी मांगी थी जिसे संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत बनाया गया है।

भारत के अलावा श्रीलंका भी इस इलाके में मौजूद खनिजों पर अपना दावा करता है। भारत के इस हड़बड़ी की सबसे बड़ी वजह चीन है जो हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है और उसकी भी इस पर नजर है। चीन अभी दुनिया में कोबाल्ट के व्यापार पर अपना दबदबा रखता है और करीब 70 फीसदी हिस्से पर उसका कब्जा है। अब भारत के आवेदन को होल्ड पर रख दिया गया है और भारत को इसका जवाब देना है। समुद्री मामलों के एक भारतीय विशेषज्ञ ने अलजजीरा से बातचीत में कहा, 'भारत का उद्देश्य तत्काल खनन शुरू कर देना नहीं है बल्कि अपनी पहुंच स्थापित करना और चीन के आने से पहले ही दावा कर देना है।' वहीं एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का दावा बहुत मजबूत है। इसकी वजह यह है कि यह इलाका किसी भी देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र से बाहर है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत गहरे समुद्र में खनन के लिए अपनी क्षमता को बढ़ा रहा है। साल 2021 में भारत ने डीप ओसेन मिशन शुरू किया था ताकि गहरे समुद्र के अंदर खोज की जा सके। भारत की नजर समुद्र के अंदर छिपे कोबाल्ट समेत अन्य समुद्री खनिज पर है। भारत ने लक्ष्य रखा है कि 2070 तक वह कार्बन उत्सर्जन से मुक्ति हासिल कर लेगा, ऐसे में यह कोबाल्ट उसके लिए बहुत जरूरी है।

इस बीच श्रीलंकाई मीडिया ने खुलासा किया है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे कथित रूप से भारत को उत्खनन अधिकार देने के लिए सहमत हो गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के अडानी ग्रुप और ताइवान की कंपनी यूमीकोर ताइवान ने कोबाल्ट रिजर्व के उत्खनन के लिए हाथ मिलाया है। यह पूरा सौदा अरबों डॉलर का हो सकता है। भारत और ताइवान चीन को मात देने के लिए साथ आ रहे हैं ताकि श्रीलंका के समुद्री इलाके में चीन का दबदबा न कायम हो जाए। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विदेश मंत्री श्रीलंका पहुंच रहे हैं जहां इस पर बात हो सकती है।

## धरती के पास से गुजरेगा 210 फीट का विशाल एस्टेरॉयड 2024 एलजे, नासा ने बताया पृथ्वी के लिए कितने खतरे की बात

***यह घटना वैज्ञानिकों को क्षुद्रग्रह की संरचना, प्रक्षेपवक्र का अध्ययन करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जो हमारे सौर मंडल की उत्पत्ति और विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है। 2024 एलजे का नजदीकी दृष्टिकोण मानवीय सरलता और ब्रह्मांड को समझने की हमारी खोज का भी प्रमाण है।***

वॉशिंगटन




*एक बड़ा एस्टेरॉयड धरती के पास से गुजरने जा रहा है। इसका आकार करीब 210 फीट है, यानी ये एक बड़ी नौका के साइज का है। इसे देखते हुए स्पेस एजेंसी नासा ने चेतावनी जारी की है। इस एस्टेरॉयड को वैज्ञानिको ने '2024 एलजे' नाम दिया गया है। एस्टेरॉयड 2024 एलजे पृथ्वी से इतनी दूरी से गुजरने वाला है कि नासा को इस पर ध्यान देना होगा। यह एस्टेरॉयड 66,584 मील प्रति घंटे की तेज रफ्तार से गति से गुजरेगा। 22 जून, शनिवार को ये धरती से 2.1 मिलियन मील की दूरी पर होगा। इस दौरान वैज्ञानिक इसकी निगरानी करेंगे। एस्टेरॉयड दृष्टिकोण हमारे सौर मंडल के खास पहलू को दिखाता है, जहां आकाशीय पिंड लगातार गति में हैं। अंतरिक्ष के माध्यम से 2024 एलजे की यात्रा इस उड़ान के दौरान इसके आकार और पृथ्वी से निकटता के कारण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसके लिए 'खतरनाक रूप से करीब' शब्द अंतरिक्ष के विशाल विस्तार के बारे में है क्योंकि पृथ्वी के पास से गुजरने वाली किसी भी बड़ी वस्तु को सावधानीपूर्वक अवलोकन की आवश्यकता होती है।* ***एस्टेरॉयड पर वैज्ञानिकों की नजर क्यों?*** *2024 एलजे जैसे नियर अर्थ ऑब्जेक्ट (एनईओ) पर नासा की सतर्क नजर इन खगोलीय घटनाओं को समझने और ट्रैक करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एजेंसी के ग्रह रक्षा समन्वय कार्यालय (पीडीसीओ) को संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की पहचान करने का काम सौंपा गया है जो पृथ्वी की कक्षा के 30 मिलियन मील के भीतर आते हैं। 2024 एलजे इस श्रेणी में आता है, इसलिए नहीं कि यह तत्काल खतरा पैदा करता है, बल्कि इसलिए क्योंकि इसका रास्ता इसे ध्यान आकर्षित करने के लिए पर्याप्त करीब लाता है।*

*2024 एलजे जिस गति से यात्रा कर रहा है वह आश्चर्यजनक से कम नहीं है। इसे परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, यह गति ध्वनि की गति से 80 गुना अधिक तेज है, जो लगभग 767 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा करती है। इस तीव्र गति का मतलब है कि 2024 एलजे पृथ्वी की परिधि के बराबर दूरी को केवल एक घंटे से अधिक समय में पार कर लेगा। 2024 एलजे से जुड़े प्रभावशाली आंकड़ों के बावजूद, नासा ने आश्वासन दिया है कि इससे धरती को कोई खतरा नहीं है। ये सुरक्षित दूरी से पृथ्वी के पास से गुजरेगा, जिससे प्रभाव का कोई खतरा नहीं होगा। धरती के करीब तारामंडल में बन रहे नए ग्रह, जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खोला रहस्य, 20 साल में कितना बदला बीटा पिक्टोरिस नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट्स एस्टेरॉयड और धूमकेतु जैसे खगोलीय पिंड हैं जिनकी कक्षाएं उन्हें पृथ्वी के करीब लाती हैं। कुछ एनईओ जो अक्सर पृथ्वी के पास से गुजरते हैं उनमें 2006 WB, 2010 RA91, 2015 VO142 और 2016 VA जैसी वस्तुएं शामिल हैं। संभावित प्रभाव जोखिम के कारण अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा इन वस्तुओं की बारीकी से निगरानी की जाती है। उदाहरण के लिए 2016 वीए को पृथ्वी के अपेक्षाकृत करीब आने के लिए जाना जाता है।*



## अरबाज की दूसरी शादी के बाद जॉर्जिया ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने साल 2023 के अंत में दूसरी शादी की। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। शूरा से पहले अरबाज खान एक्ट्रेस अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे थे, लेकिन बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब अरबाज की शादी के एक महीने बाद जॉर्जिया ने एक साक्षात्कार में उनसे ब्रेकअप पर खुलकर बातचीत की है। अरबाज खान की शूरा खान से शादी के कुछ दिनों बाद, अभिनेता की पूर्व प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में उनके साथ अपने ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की। अरबाज खान की तारीफ करते हुए जॉर्जिया ने कहा, वे एक अच्छे इंसान हैं। हां, हम अलग हो गए और एक साथी को छोड़ने का खालीपन हमेशा रहेगा। क्योंकि यह आसान नहीं होता। हमेशा रहेगी उनके लिए फिलिंग जॉर्जिया ने आगे कहा, आप व्यक्तिगत रूप से किसी के साथ रिश्ते में शामिल होते हैं, लेकिन रिश्ता खत्म होने पर आगे बढ़ना होता है। जियोर्जिया ने कहा, मैं उनके लिए अच्छे की कामना करती हूं और अपने जीवन आगे बढ़ चुकी हैं। हालांकि, जॉर्जिया ने यह भी कहा कि अरबाज उनके सबसे अच्छे दोस्त की तरह थे और उनके लिए दिल में फीलिंग हमेशा रहेगी।

## पूनम पांडे की फर्जी मौत को पब्लिसिटी स्टंट करार देते हुए बोलीं उर्वशी ढोलकिया

उर्वशी ढोलकिया ने कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस पूनम पांडे की फर्जी मौत की घोषणा पर कड़ा विरोध जताया और इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का यह सबसे निचला रूप है। पूनम पांडे के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सर्वाइकल कैंसर से उनकी मौत की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर की गई थी। अब, पूनम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि उनकी मौत की खबर झूठी है। वह जिंदा हैं। ये सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा, यह इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का सबसे निचला रूप है! हां, सर्वाइकल कैंसर पर बात करना और जागरुकता फैलाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इस तरीके का पब्लिसिटी स्टंट बिल्कुल गलत था। घिनौना है!!









## बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों की डेब्यू फिल्म रही फ्लॉप

हिंदी सिनेमा में ऐसी कई अभिनेत्रिया हैं, जिनकी पहली फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री बड़ा मुकाम हासिल किया। आज ये अभिनेत्रियां हर दिलों की धड़कन हैं। इनकी हर फिल्म के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं ये एक्ट्रेस आज एक फिल्म में काम करने के लिए भारी फीस भी चार्ज करती हैं, चलिए आज आपको ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में बताते हैं।

इस लिस्ट में पहला नाम **अभिनेत्री कैटरीना कैफ** का है। कैटरीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म बूम से किया था। बूम एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म थी, जिसे कैजाद गुस्ताद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन जैसे सुपरस्टार ने काम किया था। आज कैटरीना इंडस्ट्री की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक है। उनकी हालिया रिलीज मेरी क्रिसमस ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस **श्रद्धा कपूर** का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा की पहली तीन पत्ती फ्लॉप रही थी। साल 2010 में आई इस फिल्म में श्रद्धा के साथ अमिताभ बच्चन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आदित्य रॉय कपूर के साथ श्रद्धा की फिल्म आशिकी 2 सफलता की नई इबारत लिखी और इंडस्ट्री में श्रद्धा अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो गई। आज श्रद्धा हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्री में से एक हैं, जिन्होंने बीते कुछ समय में एक से बढ़कर एक फिल्में दी। पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक कई हिट देने वाली **कियारा आडवाणी** भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2014 में फिल्म फगली से अपने एक्टिंग की शुरुआत की थी। फगली बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, लेकिन कियारा लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में कामयाब रहीं। कियारा ने एम एस धोनी द अनटोल्ड लव स्टोरी से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया और आज बॉलीवुड की सबसे सफल एक्ट्रेस में शुमार हैं।

बॉलीवुड की बेबो **करीना कपूर** की भी पहली फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। करीना ने साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी में इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन नजर आए थे। हालांकि, इसके बाद करीना ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई और कई सफल में फिल्मों में काम किया। करीना के करियर में एक से बढ़कर एक हिट शामिल हैं।



## मुंबई और लंदन में शूट होगी रणबीर की रामायण

रणबीर कपूर ने साल 2023 में एनिमल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस एक्शन क्राइम फिल्म ने रिकॉर्ड कलेक्शन किया और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। अब रणबीर कपूर की अगली फिल्म रामायण की चर्चा तेज हो गई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस फिल्म की तैयारी में जुटे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मुंबई और लंदन में शूट होगी। रिपोर्ट्स की माने तो, रणबीर कपूर की यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाएगी। फिल्म का शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई में होगी, जहां इसका 60 दिन का शेड्यूल होगा। इसके बाद लंदन में भी 60 दिनों तक शूटिंग की जाएगी। रामायण के लंका वाले हिस्से की शूटिंग लंदन में ही की जाएगी, जिसमें रणबीर के साथ सुपरस्टार यश भी शामिल होंगे। चर्चा ये भी है कि रणबीर ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए शराब, मांसाहारी भोजन और लेट नाइट पार्टी से तौबा कर ली है। फिल्म में वे भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, कहा जा रहा अपने किरदार के प्रति श्रद्धा भाव के चलते रणबीर ने इन सब चीजों को छोड़ा है। गौरतलब है कि रणबीर कपूर के अलावा फिल्म में साई पल्वी सीता की भूमिका में नजर आएंगी, वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे।



## 16 साल बाद ओटीटी से वापसी करेंगी उर्मिला मातोंडकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज 50 साल की हो गई हैं। उर्मिला का नाम 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल किया जाता था। इन्होंने जुदाई, रंगीला, सत्या, भूत, कौन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। इनका नाम उस दौर की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में लिया जाता था। कई बार तो इन्हें हीरो से भी ज्यादा फीस मिलती थी। टॉप पर रहने के बावजूद उर्मिला की जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलना बंद हो गया। धीरे-धीरे उर्मिला का करियर डाउनफॉल पर चला गया। दरअसल, इसके पीछे उर्मिला की एक जिद थी जो कि बाद में उन पर ही भारी पड़ गई। 2019 में उन्होंने पॉलिटिक्स में भी किस्मत आजमाई, लेकिन इसमें भी बात नहीं बनी। बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इन्होंने फिल्मों में छोटे- मोटे कैमियो किए, लेकिन बतौर हीरोइन इन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब उर्मिला को ओटीटी के जरिए एक्टिंग में कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगीं।

### 16 साल बाद करेंगी कमबैक

बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे कैमियो किए थे, लेकिन बतौर हीरोइन उन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब 16 साल बाद उर्मिला को ओटीटी के जरिए अपना एक्टिंग कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उर्मिला की यह सीरीज मां-बेटी के जज्बाती रिश्तों पर बनी है। फिल्म की कहानी छोटे कस्बे की है, जिसमें उर्मिला का एक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा।



## राजकुमार हिरानी की वेब सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे विक्रांत मैसी



फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट विक्रांत मैसी के साथ एक वेब सीरीज है। राजकुमार हिरानी को लेकर यह भी खबर सामने आ रही थी कि वह रणबीर कपूर के साथ अपने अगले प्रोजक्ट के लिए सहयोग करेंगे। हिरानी पहले ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर एक बिना नाम की वेब सीरीज पर आगे बढ़ चुके हैं, जिसमें 12वीं फेल अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह शो आमिर सत्यवीर सिंह द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने अतीत में हिरानी की सहायता की है। यह वेब सीरिज साइबर अपराध के इर्द-गिर्द घूमती है। विक्रांत इस सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिरानी न केवल शो का निर्माण कर रहे हैं बल्कि शो के रनर भी होंगे। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए कहा, कुछ कहानियों के लिए लंबे प्रारूप के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है और उन्हें फिल्म बनाने की आवश्यकता नहीं होती है, जिस पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। वह कुछ ऐसा है जो हमें कोविड के समय में मिला था। मैं सीरीज में एक शो रनर के रूप में काम करूंगा और इसलिए मैं शो में पूरी तरह से शामिल हो जाऊंगा। यह कुछ ऐसा है जिससे मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मैं इसकी स्क्रिप्ट और जिस तरह से इसे आगे बढ़ाया गया है, उसे लेकर उत्साहित हूं।

### विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज

एक निर्देशक के रूप में अपने ओटीटी डेब्यू पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हां, मुझे अच्छा लगेगा जब किसी दिन मेरे पास बताने के लिए कोई कहानी होगी, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए मंच कोई मायने नहीं रखता। यदि यह टेलीविजन के लिए है तो इसे टीवी पर होना चाहिए या यदि यह एक लंबा प्रारूप है, तो इसे ओटीटी के लिए बनाएं। निर्माताओं ने इसे दो महीने के लंबे शेड्यूल में शूट करने की योजना बनाई है। यह वेब सीरीज अगले महीने से शुरू होने वाली है और मिर्जापुर, ब्रोकन बट ब्यूटीफुल और क्रिमिनल जस्टिस के बाद यह विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज होगी।



## आउटसाइडर्स के हीरो हैं कार्तिक



अभिनेता मनोज बाजपेयी अपने अभिनय और हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इंडस्ट्री में हर कोई अभिनेता का फैन है, लेकिन मनोज खुद को कार्तिक आर्यन का फैन मानते हैं। हाल ही में, एक अवॉर्ड फंक्शन में अभिनेता ने कार्तिक की जमकर तारीफ की है। यही नहीं, अभिनेता ने अपना अवॉर्ड भी कार्तिक आर्यन को समर्पित किया है। मनोज ने कहा कि कार्तिक बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। मनोज का यह वीडियो अब

## ग्लोबल प्रीमियर के लिए तैयार धनुष की कैप्टन मिलर



प्राइम वीडियो ने आज तमिल पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म कैप्टन मिलर के विशेष ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह फिल्म, त्रयी का पहला भाग है, जिसका निर्देशन अरुण मथेश्वरन ने किया है। अरुण ने इसे अरुणराजा कामराज और मदन कार्की के साथ मिलकर लिखा है। यह सत्य ज्योति फिल्म्स द्वारा निर्मित है। कैप्टन मिलर में धनुष मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही शिव राजकुमार, नासर, सुदीप किशन, प्रियंका मोहन और निवेदिथा सतीश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइए जानते हैं कि आप इस फिल्म का ओटीटी पर कब लुत्फ उठा सकेंगे। प्राइम वीडियो की घोषणा के मुताबिक, यह फिल्म भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 9 फरवरी को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब के साथ प्रदर्शित होगी। कैप्टन मिलर प्राइम सदस्यता में नवीनतम जुड़ाव का प्रतीक है। भारत में प्राइम सदस्य इस फिल्म का लुत्फ समय की प्रासंगिकता के लिए आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है।

### निर्देशन ने जाहिर की खुशी

निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने फिल्म की ओटीटी रिलीज पर कहा, कैप्टन मिलर 1930 के दशक पर आधारित है और यह एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा बताती है जो आजादी के लिए लड़ रहा है, जो इसे आकर्षक के साथ-साथ भावनात्मक भी बनाता है। फिल्म धनुष को उस तरह से दिखाती है जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है, और फिल्म को जो सराहना मिली है उसे देखना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कैप्टन मिलर हमारे प्यार का परिश्रम है, और मैं उत्साहित हूं कि यह फिल्म अब प्राइम वीडियो के साथ भारत और

# भारत-अफगानिस्तान में जंग, जानें केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन बारबाडोस पिच रिपोर्ट




**भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2024 का सुपर-8 का मुकाबला केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन बारबाडोस में खेला जाएगा। आज होने वाले इस महामुकाबले से पहले देखें बारबाडोस की पिच रिपोर्ट।**

**बारबाडोसः** भारत और अफगानिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के एक अहम मुकाबले में आमने-सामने होंगी। अफगानिस्तान टीम न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीम को हराकर सुपर-8 में पहुंची है, जबकि भारतीय टीम ने अभी तक कमाल का प्रदर्शन किया है। दोनों ही अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर थीं। आज सुपर-8 के मुकाबले में दोनों ही टीमें जीत चाहेंगी, जिससे कि उनका सेमीफाइनल में पहुंचना आसान हो। बता दें कि सुपर-8 में हर टीम को 3-3 मैच खेलने हैं। एक टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए कम से कम दो मैचों में जीत चाहिए।

**केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन बारबाडोस पिच रिपोर्ट** ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल की पिच को शॉट्स खेलने वाले बल्लेबाज पसंद करेंगे। पिछले मैच में यहां ऑस्ट्रेलिया ने 201 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ इसी टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज के मैच में यहां स्कॉटलैंड ने 10 ओवर्स में 90 रन ठोक दिए थे। हालांकि, बारिश की वजह से मैच पूरा नहीं हो सका। इस पिच पर बड़े स्कोर और अच्छे मैच की उम्मीद की जा सकती है। **बारबाडोस का वेदर रिपोर्ट** मैच की शुरुआत में आसमान साफ रहेगा, लेकिन दूसरी इनिंग्स में बारिश का पूर्वानुमान है। तापमान 27-28 डिग्री के आसपास रहेगा लेकिन उमस से परेशानी होगी। **भारत और अफगानिस्तान ग्रुप स्टेज में दोनों टॉपर** अफगानिस्तान के कई क्रिकेटर दुनिया भर की टी20 लीग में लगातार खेलते हैं और अच्छा प्रदर्शन भी करते हैं। उस अनुभव का ही असर है जो इस टीम ने इस वर्ल्ड कप के अपने पहले ही मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को पटकनी दे दी। इस वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज (167 रन) हैं और सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेद गेंदबाज अफगानिस्तान के फजलहक फारुकी (12 विकेट) हैं।

दिग्गज खिलाड़ियों के बीच इन दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन हैरान करने वाला लगता है। यही खिलाड़ी इस वर्ल्ड कप में अफगानी टीम की सफलता की कुंजी रहे हैं। गुरबाज ने आईपीएल की फॉर्म को यहां भी जारी रखा है।

# इधर टी20 विश्व कप का रोमांच चरम पर, उधर इस टीम ने बदल दिया अपना हेड कोच

**नई दिल्लीः** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था।

सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे। वह न्यूजीलैंड की सीनियर पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी ने एक बयान में कहा ,'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जस्टिन जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे । उनके पास कोचिंग का अपार अनुभव है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में कई युवा प्रतिभाओं को तलाशा और तराशा है ।' **T20 World Cup: नेपाल से हारने से बाल-बाल बचा साउथ अफ्रीका, गजब रोमांचक मैच** पहले सैमंस दक्षिण अफ्रीका के हाई परफॉर्मेंस प्रोग्राम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने कई घरेलू टीमों के साथ भी काम किया है। वो 2021 से 2023 के बीच दक्षिण अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजी सलाहकार भी रहे। इब्राहिम जिन्होंने जिम्बाब्वे के लिए 29 टेस्ट और 82 एकदिवसीय मैच खेले थे, उन्होंने बाद में न्यूजीलैंड में कोचिंग में करियर शुरू किया और न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के साथ भी जुड़े रहे। ZC ने इस बात का खुलासा किया कि जिम्बाब्वे टीम के बाकी सहयोगी स्टाफ को सैमंस से सलाह करके चुना जाएगा।

**हेड कोच बनने के बाद सैमंस ने क्या कहा?** अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए सैमंस ने कहा, 'जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं और इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी समूह के साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'

**एल्टन चिगुंबुरा होंगे अंडर 19 के हेड कोच** जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने इस बात का भी ऐलान किया है कि पूर्व जिम्बाब्वे के कप्तान एल्टन चिगुंबुरा जिम्बाब्वे अंडर-19 टीम के मुख्य कोच बनेंगे। उनके साथ रंगारीराई नॉर्बर्ट भी जुड़ेंगे जो सहायक कोच और बल्लेबाजी कोच दोनों की भूमिका निभाएंगे। नॉर्बर्ट ने नामीबिया का प्रतिनिधित्व करने से पहले जिम्बाब्वे में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था। पॉल एडम्स जो दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिन गेंदबाज रह चुके हैं वह गेंदबाजी कोच होंगे।

# रोमारियो शेफर्ड ने एक ओवर में दिए 30 रनःसैम करन की बॉल पर ब्रेंडन किंग हुए रिटायर्ड

टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के मुकाबले शुरू हो गए हैं। दूसरे मैच में इंग्लैंड की ओर से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखने को मिली। 181 का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लैंड ने 8 विकेट रहते मैच जीत लिया। फिल सॉल्ट ने नाबाद 87 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड ने एक ओवर में 30 रन दिए और टी-20 वर्ल्ड कप में पांचवें सबसे महंगे ओवर के रिकॉर्ड की बराबरी की। वेस्टइंडीज की पारी में ब्रैंडन किंग पीठ में खिंचाव के चलते 23 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। 1. बैट बदलने के बाद किंग ने मारा 101 मीटर का सिक्स वेस्टइंडीज की पारी का तीसरा ओवर रीस टॉप्ली ने किया। पहली दो गेंदों पर कोई रन न आने के बाद ब्रैंडन किंग ने बैट बदला। ओवर की तीसरी गेंद उन्होंने नए बैट से खेली। टॉप्ली ने किंग को पैर के पास गेंद फेंकी। किंग ने मिड विकेट की दिशा में 101 मीटर का छक्का लगाया। इसके बाद अंपायर को नई बॉल मंगवानी पड़ी। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर ब्रैंडन किंग ने रीस टॉप्ली की गेंद पर 101 मीटर का सिक्स लगाया। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर ब्रैंडन किंग ने रीस टॉप्ली की गेंद पर 101 मीटर का सिक्स लगाया। 2. ब्रैंडन किंग रिटायर्ड हर्ट हुए इंग्लैंड के लिए चौथा ओवर सैम करन लेकर आए। पहली गेंद पर चौका खाने के बाद दूसरी गेंद उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग ने बॉल तक पहुंचने के लिए स्ट्रेच किया और उनकी कमर में खिंचाव आ गया। शॉट मारने के साथ ही वह पिच पर पीठ के बल लेट गए। ग्राउंड पर फिजियो आए और जांच के बाद ब्रैंडन किंग को चोट के चलते मैदान छोड़ना पड़ा। वह 23 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। फिजियो की जांच के बाद वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान के बाद बाहर चले गए। वेस्टइंडीज की पारी का 15वां ओवर लियाम लिविंगस्टन ने किया। शुरुआती 5 गेंदों में तीन सिक्स लगने के बाद लिविंगस्टन ने आखिरी गेंद स्लो फेंकी। रोवमैन पॉवेल ने थर्ड मैन की दिशा में शॉट खेला, लेकिन शॉट में ज्यादा ताकत न होने के कारण बॉल लंबी दूसरी तय नहीं कर सकी। फील्डर मार्क वुड ने आगे की ओर डाइव लगाई और बॉल को कैच किया।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत Vs अफगानिस्तान मुकाबले की फैंटेसी-11 हार्दिक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के टॉप विकेट टेकर, चुन सकते हैं कप्तान




ऋषभ पंत ने कार एक्सीडेंट के बाद करीब डेढ़ साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वर्ल्ड कप से वापसी की है। वह टूर्नामेंट में टीम इंडिया के टॉप स्कोरर हैं। वर्ल्ड कप में खेले 3 मैचों में 124.67 की स्ट्राइक रेट से 96 रन बनाए। आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने 26 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। वहीं दूसरे मैच में 31 गेंदों पर 42 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज अफगानिस्तान के टॉप स्कोरर हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में खेले चार मैचों में 150.45 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं। 2 अर्धशतक भी जमाए। युगांडा के खिलाफ पहले मैच में 45 गेंदों में 76 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप के खेले तीन मैचों में 126.63 की स्ट्राइक से रन बनाए हैं। इसमें 1 अर्धशतक भी शामिल है। टूर्नामेंट के खेले गए पहले मैच में उन्होंने 37 गेंदों पर 52 रन बनाए। उन्हें चोट लगने की वजह से रिटायर्डहट होना पड़ा था। वहीं अब तक खेले 154 मैचों में 139.66 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इसमें 5 शतक और 29 अर्धशतक भी शामिल है। विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में जल्दी आउट हो गए। लेकिन वह वापसी करने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में संपन्न हुए IPL में विराट कोहली टॉप स्कोरर थे। उन्होंने 154.69 की इकोनॉमी से 741 रन बनाए हैं। एक शतक और 5 अर्धशतक भी जमाया। वहीं अब तक खेले 120 मैचों में 137.90 की स्ट्राइक रेट से 4042 रन बनाए हैं। एक शतक और 37 अर्धशतक शामिल है। अक्षर पटेल ने टी-20 वर्ल्ड कप के खेले तीन मैचों में 111.11 की स्ट्राइक रेट से 20 रन बनाए हैं। वहीं 3 विकेट भी लिए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उन्होंने पंत के साथ 30 गेंदों पर 39 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 18 गेंदों पर 20 बनाने के साथ ही 1 विकेट भी लिए। अब तक खेले 55 टी-20 मैचों में 52 विकेट लेने के साथ ही 381 रन भी बनाए हैं। हार्दिक पंड्या ने टूर्नामेंट में भारत के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 5.41 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की है और 7 विकेट भी लिए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 6 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और 2 विकेट भी लिए। अब तक खेले 95 टी-20 मैचों में 138.83 की स्ट्राइक रेट से 1355 रन बनाए हैं।

# इधर टी20 विश्व कप का रोमांच चरम पर, उधर इस टीम ने बदल दिया अपना हेड कोच




**अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहा टी20 वर्ल्ड कप 2024 इस वक्त अपने चरम पर है। सुपर 8 के मुकाबलों का आगाज हो गया है। इस वक्त 8 में से कोई भी 4 टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। हालांकि इन सब के बीच एक टीम ने अपना हेड कोच बदल दिया।**

**नई दिल्लीः** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे। वह न्यूजीलैंड की सीनियर पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी ने एक बयान में कहा ,'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जस्टिन जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे । उनके पास कोचिंग का अपार अनुभव है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में कई युवा प्रतिभाओं को तलाशा और तराशा है ।' पहले सैमंस दक्षिण अफ्रीका के हाई परफॉर्मेंस प्रोग्राम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने कई घरेलू टीमों के साथ भी काम किया है। वो 2021 से 2023 के बीच दक्षिण अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजी सलाहकार भी रहे। इब्राहिम जिन्होंने जिम्बाब्वे के लिए 29 टेस्ट और 82 एकदिवसीय मैच खेले थे, उन्होंने बाद में न्यूजीलैंड में कोचिंग में करियर शुरू किया और न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के साथ भी जुड़े रहे। ZC ने इस बात का खुलासा किया कि जिम्बाब्वे टीम के बाकी सहयोगी स्टाफ को सैमंस से सलाह करके चुना जाएगा।

**हेड कोच बनने के बाद सैमंस ने क्या कहा?** अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए सैमंस ने कहा, 'जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं और इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी समूह के साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने इस बात का भी ऐलान किया है कि पूर्व जिम्बाब्वे के कप्तान एल्टन चिगुंबुरा जिम्बाब्वे अंडर-19 टीम के मुख्य कोच बनेंगे। उनके साथ रंगारीराई नॉर्बर्ट भी जुड़ेंगे जो सहायक कोच और बल्लेबाजी कोच दोनों की भूमिका निभाएंगे। नॉर्बर्ट ने नामीबिया का प्रतिनिधित्व करने से पहले जिम्बाब्वे में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था।

# सुपर 8 का पहला मुकाबला साउथ अफ्रीका जीतीः 195 चेज कर रही अमेरिका 176 रन बना पाई, गौस-हरमीत की साझेदारी पर डी कॉक का पावरप्ले भारी




साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के पहले मुकाबले में अमेरिका को 18 रन से हरा दिया है। एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर अमेरिका ने पहले गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन क्विंटन डी कॉक ने तेज रफ्तार से फिफ्टी लगाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। एक वक्त दक्षिण अफ्रीका की टीम डीकॉक और मार्करम (46 रन) की साझेदारी की बदौलत 200 रन की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन सौरभ नेत्रवल्कर और हरप्रीत सिंह ने 2-2 विकेट लेकर रनरेट पर लगाम लगाई और साउथ अफ्रीका को 194 रन पर रोक दिया। रन चेज के दौरान अमेरिकी टीम पावरप्ले में वो साउथ अफ्रीका से पिछड़ गई। अमेरिका ने 6 ओवर में 53 रन बनाने में दो विकेट खो दिए। साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले 64 रन बनाए थे और एक विकेट खोया था। बाद में एंड्रियस गॉस और हरमीत सिंह ने छठे विकेट के लिए 43 बॉल पर 91 रनों की साझेदारी करके अमेरिकी टीम को रन चेज में वापस ला दिया, लेकिन कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्त्या ने आखिरी 2 ओवर में USA को रोक दिया और अमेरिका 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। एंड्रियस गॉस ने नाबाद 80 रन बनाए। उन्होंने 33 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। एनरिक नॉर्त्या ने पारी के आखिरी ओवर में महज 7 रन ही दिए। जबकि अमेरिका को जीत के लिए 26 रनों की जरूरत थी। इस तरह साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 का पहला मुकाबला 18 रनों से जीत लिया।

**हरमीत 38 रन बनाकर आउट, रबाडा को तीसरी सफलता**

अमेरिका ने 19वें ओवर की पहली बॉल पर विकेट गंवाया। यहां हरमीत सिंह 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। रबाडा को तीसरी सफलता मिली है। इस ओवर के बाद अमेरिका का स्कोर 169/6 रहा।

# नॉर्त्या ने 146 की रफ्तार से गेंद फेंकी, एंडरसन बोल्डःडी कॉक ने लगातार 3 सिक्स लगाए; अली ने साउथ अफ्रीकी कप्तान का शानदार कैच लपका




**साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के पहले मुकाबले में अमेरिका को 18 रन से हरा दिया है। एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर अमेरिका ने पहले गेंदबाजी चुनी। साउथ अफ्रीका ने 195 रन का टारगेट दिया और अमेरिका 176 रन ही बना सकी।**

सुपर-8 के पहले और इंट्रेस्टिंग मैच में कोरी एंडसरन का कैच, डी कॉक के लगातार 3 सिक्स और एनरिक नॉर्त्या की रफ्तार ने सभी को चौंकाया। इस मैच में कई रोचक मोमेंट्स देखने को मिला और कई रिकॉर्ड्स बने। 1. कोरी का शानदार कैच रीजा हेंड्रिक्स ने 11 बॉल पर 11 रन की पारी खेली। अमेरिका पहले बॉलिंग कर रही थी। पावरप्ले का तीसरा ओवर लेकर आए सौरभ नेत्रवल्कर और इसी ओवर में अमेरिका को पहला विकेट दिलाया। ओपनर रीजा हेंड्रिक्स ने आगे निकल कर सौरभ की गेंद को लॉन्ग ऑफ की दिशा में मारा, लेकिन गेंद बैट के निचले किनारे पर लगी और हवा में ऊंची चली गई। कोरी एंडरसन ने बहुत अच्छे ढंग से एक हाईकैच पकड़ा। जब अफ्रीका का पहला विकेट गिरा तब स्कोर 16 रन था।

2. डी कॉक ने लगातार 3 सिक्स लगाए, ओवर में 28 रन बने डी कॉक ने 40 बॉल पर 74 रन की पारी खेली। अफ्रीका की पारी का चौथा ओवर डाल रहे जसदीप सिंह ने 28 रन दिए। उनके इस ओवर से 5 बाउंड्री आईं। डी कॉक ने लगातार तीन छक्के लगाए। जसदीप ने चौथी बॉल छक्का लगाया जो नो बॉल थी। फ्री हिट पर भी उन्होंने सिक्स लगाया फिर अगली ही बॉल पर तीसरा सिक्स लगाया। 3. हरमीत सिंह ने लगातार 2 विकेट लिए

हरमीत ने पहले डी कॉक फिर डेविड मिलर को आउट किया। हरमीत ने सेट बल्लेबाज डी कॉक को लो फुल टॉस पर शयन जहांगीर के हाथों कैच कराया। उसके अगली ही बॉल पर बल्लेबाजी करने आए डेविड मिलर को हरमीत ने काट एंड बोल्ड आउट किया। 4. सौरभ को दूसरा विकेट, अली खान ने शानदार कैच लिया 15वां ओवर डाल रहे सौरभ ने साउथ अफ्रीका को चौथा झटका दिया। कप्तान मारक्रम 46 रन बनाकर आउट हुए। उनका कैच अली खान ने डीप कवर में लिया। सौरभ ने पांचवें स्टंप पर ओवर पिच बॉल डाली। मारक्रम स्लाइस करने के लिए गए लेकिन सीधा डीप बैकवर्ड प्वाइंट के हाथों में बॉल चली गई। वहां खड़े अली खान ने डाइव लगाकर शानदार कैच लिया।

# बेगम जान नहीं... 'जोरू के गुलाम' पाकिस्तानी टीम पर मारा ताना, हारिस रऊफ का है मामला

**पाकिस्तान क्रिकेट टीमा का प्रदर्शन आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में काफी निराशाजनक रहा। वह पहले राउंड में ही अमेरिका से हारने के बाद बाहर हो गए। वहीं अब पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने अपनी ही टीम की जमकर क्लास लगाई है।**

**नई दिल्लीः** पाकिस्तानी पेसर हारिस रऊफ की हाल ही में फ्लोरिडा से एक वीडियो वायरल हुई थी। उस वीडियो में खिलाड़ी अपनी बेगम के साथ नजर आ रहे हैं। वह सड़क पर जा रहे होते हैं तो एक फैन उन्हें कुछ बोलता है, जिससे हारिस रऊफ काफी भड़क जाते हैं और फैन को मारने के लिए दौड़ते हैं। इस पूरी घटना से वह इस वक्त काफी ज्यादा लाइमलाइट में हैं। हालांकि इस घटना के बाद अब पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अतीक उज जमन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मेगा इवेंट्स में परिवार को साथ लेकर जाने में आपत्ति जताई है।

**पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने उड़ाई अपनी ही टीम की धज्जियां** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में अतीक उज जमन कह रहे हैं कि, 'आपने इतना ड्रामा किया हुआ है यार, हमारे जमाने में एक कोच हुआ करता था। साथ में मैनेजर हुआ करता था। बस टीम चलती थी। आपने पूरी टीम खड़ी कर दी है। 17 ऑफिशियल हैं 17 प्लेयर हैं। आपने सुना है कि 60 कमरें बुक कराए हुए थे। यार यह जोक है। क्या आप वहां पर क्रिकेट खेलने गए हैं या हॉलीडे करने गए हैं। आप अपनी फैमिली को क्यों अनुमति देते हैं बड़े इवेंट में? ठीक है छोटी सीरीज में समझ में आता है। बेगम, जान नहीं छोड़ती।' उन्होंने आगे कहा, आपने एक आदत बना दी है। बेगमों को साथ लेकर घूमने की आदत है। लोग वही करते हैं। शाम को जाते हैं उनका क्रिकेट से फोकस हट जाता है। फैमिली पर बच्चों पर बीवी पर फोकस रहता है। टेकअवे में बाहर खाना खाने जाते हैं। वहां पर इनकी मूवी चल रही होती है। एक सिस्टम पाकिस्तान का ऐसा क्रिएट कर दिया है। एक कल्चर ऐसा क्रिएट कर दिया है किसी को कुछ नहीं पता कि अनुशासन क्या है। कोई डिसिप्लिन ही नहीं है। आप इतना बड़ा इवेंट खेलने जा रहे हो आपका फोकस किधर है। आप सिर्फ क्रिकेट का सोचो यार। दो हफ्ते के लिए बाकी चीजें हटाकर आप क्रिकेट पर फोकस नहीं कर सकते। करोड़ों रुपये साल का ले रहे हो यार। किस लिए इतना पैसा ले रहे हो?'




स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 ... रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर ... चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फा नं .651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/68670